दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली बुधवार 06 मई -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 133 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बंगाल में हलचल तेज... 10 मई से पहले होगा नई सरकार का शपथग्रहण!



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बीजेपी सूत्रों के अनुसार, बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 10 मई से पहले हो सकता है, क्योंकि 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है और इसी कारण इस तारीख को विशेष महत्व दिया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि बंगाल में नई सरकार बनाने की रूपरेखा तैयार करने के लिए बीजेपी के दिग्गज नेताओं की दिल्ली में बड़ी बैठक होगी। इस बैठक में शुभेंदु अधिकारी, समिक भट्टाचार्य, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, बिप्लब देब और अमित मालवीय शामिल होंगे। ये सभी नेता गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मिलकर मंत्रिमंडल, राज्य में आगे की राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे। बताया जा रहा है कि ये महत्वपूर्ण बैठक आज देर रात या कल हो सकती है। सूत्रों का ये भी कहना है कि बंगाल की संस्कृति और परंपरा को ध्यान में रखते हुए शपथ ग्रहण की टाइमिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 9 मई को रवींद्रनाथ टैगोर जयंती होने के कारण ये दिन सरकार की शुरूआत के लिए एक प्रतीकात्मक और बड़ा अवसर हो सकता है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने नई सरकार के शपथग्रहण बारे में जानकारी देते हुए समाचार एजेंसी से कहा, 'उम्मीद क्या, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल (सोमवार) को ही स्पष्ट कर दिया था कि 9 मई को शपथग्रहण समारोह होगा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी को दी बधाई



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के बाद देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी क्रम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक और निर्णायक चुनावी जीत की बधाई दी है।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि हाल ही में फोन पर हुई बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की सराहना की थी। उन्होंने कहा था कि भारत सौभाग्यशाली है कि उसका नेतृत्व आप जैसे नेता के हाथों में है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को इस हालिया ऐतिहासिक और निर्णायक चुनावी जीत के लिए बधाई दी है।

भाजपा की इस जीत के साथ पहली बार पार्टी ने पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल की है। यह राज्य लंबे समय से ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। इस चुनाव परिणाम के साथ ही राज्य में बनर्जी का करीब 15 साल का शासन समाप्त हो गया है। इसे पीएम मोदी के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे उनका राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कद और मजबूत हुआ है।

जीत की घोषणा के बाद नई दिल्ली में समर्थकों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए नए युग की शुरूआत बताया था। उन्होंने कहा कि यह जनादेश भयमुक्त, विकासशील और विश्वास से भरे बंगाल की दिशा में एक निर्णायक कदम है। पीएम मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का उल्लेख करते हुए कहा अब दशकों का इंतजार खत्म हुआ है और जनता ने उस विजन को साकार करने का अवसर भाजपा को दिया है।

इस ऐतिहासिक जीत और ट्रंप की बधाई को भारत की बढ़ती वैश्विक साख से भी जोड़कर देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूती मिलेगी और वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका और प्रभावशाली होगी।

## दमकल कर्मियों ने जान पर खेलकर बचाई नौ लोगों की जान

### इंदिरापुरम के नीति खंड-2 में लगी भीषण आग, सिलेंडर फटने से मची अफरा-तफरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र स्थित नीति खंड-2 में मंगलवार दोपहर एक मकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की तत्परता और साहसिक कार्रवाई से 9 लोगों की जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 1:30 बजे फायर स्टेशन वैशाली को 112 सिस्टम के माध्यम से सूचना मिली कि नीति खंड-2 स्थित प्लॉट नंबर-495 के भूतल पर आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली व दो फायर टेंडर तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि मकान के ग्राउंड फ्लोर पर आग ने विकराल रूप ले लिया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत होज पाइप बिछाकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया।

### इन लोगों का किया गया रेस्क्यू



करंट क्राइम : अगा लगने की इस घटना में दमकल की ओर से सनी (3 वर्ष), कार्वीक (7 वर्ष), गुन्नू (11 वर्ष), पूजा गुप्ता (39 वर्ष), नेहा गुप्ता (37 वर्ष), सीमा (42 वर्ष), जेपी गुप्ता (75 वर्ष), प्रभा गुप्ता (75 वर्ष) और शरद (45 वर्ष) को सुरक्षित निकाला गया। वहीं आग के दौरान 2 छोटे और 1 बड़ा सिलेंडर भी फट गया, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई थी। इसके बावजूद दमकल टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और आसपास के मकानों को भी सुरक्षित बचा लिया। साथ ही मौके पर खड़ी 5 बाइक और 3 साइकिलों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि समय रहते मिली सूचना और टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

### हजारों लीटर पानी का हुआ इस्तेमाल



करंट क्राइम : दमकल के अधिकारियों ने बताया है कि आग की तीव्रता अधिक होने के कारण वैशाली से 22,000 लीटर और 14,000 लीटर क्षमता के दो वाटर बाउजर व साहिबाबाद से एक अतिरिक्त फायर टेंडर भी मौके पर बुलाया गया। तो दमकल कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर अंदर फंसे लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कठिन परिस्थितियों में सभी 9 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## मेवे की मिठास पर वार, काजू-बादाम लेकर चोर फरार

### चौकी से महज कुछ मीटर की दूरी पर हुआ यह काम, एक साथ टूटे दो दुकानों के तले और शटर

**वारदात**

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, चोरों ने दी पुलिस व्यवस्था को खुली चुनौती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं। ताजा मामला सिटी जोन के थाना कवि नगर क्षेत्र का है, जहां शास्त्री नगर चौकी से महज कुछ मीटर की दूरी पर चोरों ने पुलिस व्यवस्था को खुली चुनौती दे डाली। एक ही रात में दो दुकानों के शटर उखाड़े गए और ताले तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की गई। सूत्रों के मुताबिक, चोरों ने एक दुकान में चोरी का प्रयास किया, लेकिन दूसरी दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के ड्राई फ्रूट्स–खासतौर पर कई किलो काजू और बादाम पर हाथ साफ कर दिया। गनीमत यह रही कि पूरी तरह शटर नहीं टूट पाया, वरना नुकसान और बड़ा हो सकता था। हैरानी की बात यह भी है कि चोर इतनी निडरता से आए कि दुकान के बाहर सो रहे ठेले वाले का मोबाइल फोन भी चोरी कर ले गए। यानी वारदात के दौरान आसपास मौजूद लोगों की भी परवाह नहीं की गई।

### व्यापारियों में है नाराजगी



करंट क्राइम : इस घटना के बाद शास्त्री नगर व्यापार मंडल में रोष है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले 15 वर्षों में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। उन्होंने पुलिस की गश्त और चौकी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अगर पुलिस मुस्तैदी दिखाए तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं। व्यापारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए यह भी बताया कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। उनका मानना है कि यदि पुलिस गंभीरता से जांच करे, तो आरोपियों तक पहुंचना मुश्किल नहीं होगा। गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम मीटिंग में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई गई थी। इसके बावजूद इस तरह की वारदात ने सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करती है और क्या चोरों तक पहुंचकर इस वारदात का खुलासा कर पाती है या नहीं।

## सीडीओ अभिनव गोपाल को भावभीनी विदाई








**विदाई समारोह**

### कुमार सौरभ ने जिले के नए मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मंगलवार को एक गरिमामय समारोह के बीच मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल को भावभीनी विदाई दी गई। उनके स्थानांतरण के बाद अब कुमार सौरभ ने जिले के नए मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। समारोह में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अभिनव गोपाल को शाल ओढ़ाकर और नारियल भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने नवागत सीडीओ कुमार सौरभ का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अपने संबोधन में अभिनव गोपाल ने गाजियाबाद में बिताए कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा कि यहां का अनुभव और सहयोग उनके लिए हमेशा विशेष रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और टीमवर्क ही किसी भी उपलब्धि की कुंजी होता है।

वहीं नए सीडीओ कुमार सौरभ ने कहा कि उन्हें जिले में काम करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पारदर्शिता, समयबद्धता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अभिनव गोपाल के कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अभिनव गोपाल को शुभकामनाएं दीं और नए सीडीओ कुमार सौरभ का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## निर्माण जगत को मिला सशक्त नेतृत्व, रविन्द्र त्यागी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

### हैदराबाद के नोवोटेल में आयोजित विधिवत कार्यक्रम में हुआ चयन, अनुभव और कार्यशैली से बनाई अलग पहचान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्माण क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया को नया और सशक्त नेतृत्व मिला है। संगठन ने रविन्द्र त्यागी को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। उनका चयन 30 तारीख को हैदराबाद स्थित नोवोटेल होटल में आयोजित विधिवत कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसमें देशभर से आए पदाधिकारियों और सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

रविन्द्र त्यागी लंबे समय से निर्माण क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठनात्मक क्षमता, नेतृत्व कौशल और जमीनी अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में कई स्तरों पर संगठन को मजबूती मिली है और सदस्यों के हितों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया गया है।










उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से संस्था को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

यह संस्था देशभर में लगभग 2 लाख सदस्यों और 275 से अधिक सक्रिय केंद्रों के साथ कार्यरत है। संगठन उत्तर, दक्षिण-1, दक्षिण-2, पूर्व और पश्चिम–इन पाँच क्षेत्रों में कार्य करता है, जबकि इसका मुख्य कार्यालय मुंबई में स्थित है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद रविन्द्र त्यागी ने तेलंगाना राज्य की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। उनके चयन के बाद वारंगल केंद्र द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर वारंगल केंद्र के चेयरमैन ई. मनोज ने पदभार ग्रहण किया। साथ ही दक्षिण-1 क्षेत्र के उपाध्यक्ष सत्य मूर्ति और तेलंगाना राज्य के चेयरमैन ई. रविंद्र रेड्डी ने भी अपने-अपने पद संभाले। कार्यक्रम में करीब 600 सदस्यों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। शहर की मेयर और तीन स्थानीय विधायक भी समारोह में मौजूद रहे, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

वारंगल केंद्र का भव्य और आधुनिक कार्यालय भी चर्चा का विषय रहा, जिसने संस्था की मजबूत व्यवस्था और सक्रियता को दशार्या।

नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने विश्वास जताया कि वे अपने अनुभव और कार्यशैली के दम पर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल के अनुभव समय-समय पर साझा करेंगे, ताकि निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों को संस्था की गतिविधियों की बेहतर जानकारी मिल सके।

उन्होंने सभी सदस्यों, सहयोगियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।



# भाजपा ने शुरू की सरकार गठन की तैयारी

## अमित शाह बंगाल तो जेपी नड्डा असम के लिए बने पर्यवेक्षक

**नई सरकार**

**अमित शाह की गहरी रणनीतिक समझ और मोहन चरण माझी मिलकर एक मजबूत नेता का चुनाव करेंगे**



**नई दिल्ली।** भाजपा आलाकमान ने दोनों अहम राज्यों में विधायक दल के नए नेता के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों और सह-पर्यवेक्षकों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी। पश्चिम बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील और महत्वपूर्ण राज्य में यह बड़ी जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दी गई है।

वहीं, पूर्वोत्तर के सबसे अहम राज्य असम के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन दोनों दिग्गज नेताओं के साथ-साथ दो राज्यों के मौजूदा मुख्यमंत्रियों को भी बतौर सह-पर्यवेक्षक जोड़ा गया है, ताकि स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सही फैसला लिया जा सके।

**अमित शाह के साथ किसे मिली है यह अहम जिम्मेदारी? :** पश्चिम बंगाल हमेशा से ही भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक रणभूमि रहा है। यहां विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से निपटाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

उनके इस काम में पूरी मदद करने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। अमित शाह की गहरी रणनीतिक समझ और मोहन चरण माझी का अनुभव मिलकर बंगाल में भाजपा के विधायकों के बीच से एक मजबूत नेता का चुनाव करेंगे, जो विधानसभा में पार्टी की आवाज को पूरी ताकत के साथ उठा सके।

**असम में जेपी नड्डा के साथ कौन करेगा नेतृत्व का अंतिम फैसला? :** असम में भी भाजपा ने अपने संगठन को एकजुट रखने और एक योग्य नेता के चुनाव के लिए कड़े और ठोस कदम उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को असम में पार्टी के विधायी दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है।

यह दोनों वरिष्ठ नेता असम जाकर सभी नवनिर्वाचित विधायकों के साथ सीधी बैठक करेंगे और उनकी राय जानने के बाद ही विधायक दल के नेता के नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे।

## बंगलूरू में ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़

**बंगलूरू।** बंगलूरू में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग प्रतिबंधित ड्रग्स सस्ते दामों में खरीदकर उन्हें ऊंचे दाम पर बेचते थे, जिनके ग्राहकों में कॉलेज के छात्र भी शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से 8 किलो 58 ग्राम एमडीएमए और 5 किलो 700 ग्राम हाइड्रो गांजा बरामद किया गया है। इसके अलावा चार मोबाइल फोन और एक कार भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल तस्करी में किया जा रहा था। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 10.05 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग 20.10 करोड़ रुपये है।

यह कार्रवाई बंगलूरू सिटी पुलिस ने यशवंतपुर और नंदिनी लेआउट थाना क्षेत्रों में गुप्त सूचना के आधार पर की। तलाशी अभियान के दौरान अलग-अलग तारीखों पर छह लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें दो अन्य राज्यों के और चार स्थानीय निवासी हैं।

# विजय चुने गए टीवीके विधायक दल के नेता, सरकार गठन की तैयारी तेज



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। इस बीच विजय को टीवीके विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सभी नए विधायकों के दस्तखत लिए जा रहे हैं। अब तक 90 विधायकों ने इस पर दस्तखत कर दिए हैं।

तमिलनाडु में इस बार टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। टीवीके ने राज्य की 234 में से 107 सीटें जीती हैं। हालांकि, बहुमत से अभी भी 11 सीटें कम हैं। वहीं, डीएमके को 59 सीटें मिली हैं। जबकि, एआईएडीएमके ने 47 सीटों पर जीत हासिल की है।

टीवीके भले ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए उसके पास जरूरी सीटें नहीं हैं। ऐसे में विजय के पास अब दो रास्ते हैं। पहला- गठबंधन सरकार बनाना। या फिर दूसरा- कुछ पार्टियों के बाहरी समर्थन से अल्पमत सरकार बनाने की कोशिश करना। अब इस बात की पूरी संभावना है कि तमिलनाडु में एक बार फिर गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इससे विजय की ही स्थिति मजबूत होगी। अपने चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने कई साफ तौर पर कहा था कि वह सत्ता में हिस्सेदारी देने के लिए तैयार हैं। अपनी सरकार बनाने के लिए विजय को छोटी पार्टियों को अपने साथ लाना होगा।

तमिलनाडु में वीसीके के 2, लेफ्ट के 4, कांग्रेस के 5 और आईयूएमएल के 2 विधायक हैं। ढटङ के पास भी 4 विधायक हैं और वह गठबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है।

# वेस्ट यूपी पर सीएम का फोकस देवबंद में सात को जनसभा

### 11 मई को बागपत में नवनाथ मूर्ति का अनावरण



**बागपत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात मई को सहारनपुर के देवबंद में जनसभा करेंगे। वहीं 11 मई को बागपत के भगवानपुर नांगल स्थित शिव गोरखनाथ आश्रम में कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

**वेस्ट यूपी दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित पश्चिम उत्तर प्रदेश दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क हो गया है। सात मई को सहारनपुर जनपद के देवबंद में मुख्यमंत्री की जनसभा प्रस्तावित है, जिसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सोमवार को जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

**मुख्यमंत्री करेंगे विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**

**सभा स्थल पर तेजी से चल रही तैयारियां :** मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए सहारनपुर-मुजफ्फरनगर राज्य मार्ग पर स्थित सिल्वर पैराडाइज के पास मैदान का चयन किया गया है। यहां विशाल पंडाल तैयार करने के लिए टेंट का सामान पहुंच चुका है।

सभा स्थल के आसपास साफ-सफाई और जमीन को समतल करने का काम भी तेजी से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए सिल्वर पैराडाइज परिसर में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है, जबकि वाहनों की पार्किंग के लिए मंडी समिति परिसर को चिन्हित किया गया है।

**अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा :** तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयार किए जा रहे नक्शे की समीक्षा की और अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अपनी इस जनसभा के दौरान जनपद की कई विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है और सभा को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 मई को बागपत जनपद के भगवानपुर नांगल गांव स्थित शिव गोरखनाथ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हो सकते हैं। यहां नवनाथ मूर्ति का अनावरण किया जाना प्रस्तावित है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री गौरीपुर गांव में नंदन कानन उद्यान का उद्घाटन कर सकते हैं। कार्यक्रम के बाद कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी प्रस्तावित है।

### डीके शिवकुमार बनेंगे सीएम?: कर्नाटक में बदलाव के मिल रहे संकेत

# सिद्दारमैया बोले-दिल्ली से बुलावा आएगा तो जाऊंगा



**उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की उनके समर्थकों की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है।**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट फेरबदल, नेतृत्व परिवर्तन और हालिया चुनावी नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कई अहम बयान दिए। कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर फैसला पार्टी हाईकमान के स्तर पर होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें जब बुलाया जाएगा, तब हम दिल्ली जाएंगे।

**शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने पर क्या बोले? :** उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की उनके समर्थकों की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उनके इस बयान को राज्य कांग्रेस में चल रही अंदरूनी चचाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

वहीं, अन्य राज्यों के चुनावी नतीजों पर टिप्पणी करते हुए सिद्धारमैया ने ममता बनर्जी के लंबे कार्यकाल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 15 साल सत्ता में रहने के बाद एंटी-इंकंबेंसी एक बड़ा कारण हो सकता है। साथ ही, उन्होंने मतदाता सूची से 91 लाख नाम हटाए जाने को भी संभावित कारण बताया। तमिलनाडु के नतीजों पर उन्होंने कहा कि युवाओं ने बदलाव की इच्छा के चलते अभिनेता और टीवीके के संस्थापक विजय को समर्थन दिया, जो एक चौंकाने वाला परिणाम रहा।

**कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें तेज :** नवंबर 2025 में सरकार के ढाई साल पूरे होने के साथ ही कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर तेज हो गईं।

दरअसल, इसकी शुरूआत 2023 में कांग्रेस की जीत के समय ही हो गई थी, जब संकेत मिले थे कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ढाई-ढाई साल के पावर शेयरिंग फॉमूर्ले पर सहमति बनी है। जैसे ही सिद्धारमैया का कार्यकाल ढाई साल के करीब पहुंचा, शिवकुमार के समर्थकों ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग खुलकर उठानी शुरू कर दी।

## नशीले पदार्थों पर कार्रवाई, ब्राउन शुगर बरामद, तीन पकड़े

**तुइबोंग।** मणिपुर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। तुइबोंग इलाके में छापेमारी के दौरान साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई 994 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार दोपहर एक घर पर छापा मारा गया, जहां 82 साबुन के केस में छिपाकर रखी गई ड्रग्स बरामद हुई। इस मामले में गिरफ्तार महिला की पहचान हाटनेइथेम हाओकिप (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले 3 मई को भी पुलिस ने नियमित जांच के दौरान एक कार को रोककर तलाशी ली थी, जिसमें 27 साबुन के डिब्बों में छिपी ब्राउन शुगर बरामद की गई थी।

# बंगाल विजय का जश्न

### सीएम रेखा गुप्ता ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन संग काली मंदिर में टेका मत्था



**नई दिल्ली।** देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा का कमल खिल चुका है। भाजपा ने टीएमसी को पटखनी देते हुए 206 सीटें हासिल की हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ सीआर पार्क स्थित मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। मां काली के चरणों में शीश नवाने के बाद मुख्यमंत्री ने इस जीत को भारतीय राजनीति का एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भगवा शान से लहरा रहा है। यह जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता का विश्वास विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति में ही है।

**भाजपा ने टीएमसी को पटखनी देते हुए 206 सीटें हासिल की है**

मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने संसद में इस बिल का विरोध किया था, बंगाल की माताओं-बहनों ने उन्हें अपने वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब दिया है।

बंगाल की महिलाओं ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने सम्मान और अधिकारों के लिए किसी भी दमनकारी शक्ति से टकराने को तैयार है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की नीति की जीत है। भय, आतंक और अत्याचार के वातावरण के बावजूद बंगाल की महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार स्थापित की। आज की यह जीत उन अनगिनत कार्यकताओं के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने बंगाल की मिट्टी को अपने पसीने और रक्त से सींचा है। यह जीत लोकतंत्र के प्रति अटूट विश्वास की जीत है। भय के वातावरण के बावजूद बंगाल की जनता ने लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार चुनने का जो साहस दिखाया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा, 'पश्चिम बंगाल की जनता को बहुत अभिनंदन, मैं मानता हूं कि पश्चिम बंगाल की संस्कृति और विरासत को प्रधानमंत्री मोदी अपने नेतृत्व में आगे ले जा सकते हैं। मैं कामना करता हूं कि सभी राज्यों में शांति और समृद्धि रहे।' इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद बांसुरी स्वराज और ग्रेटर कैलाश से विधायक शिखा राय भी उपस्थित थीं।

# ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो, यूपी के चार पुलिसकर्मी सहित पांच की मौत

**तावडू।** हरियाणा के तावडू स्थित कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के चार जवानों समेत पांच लोगों की जान चली गई। तावडू सदर थाना क्षेत्र में धुलावट टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले पुलिसकर्मियों की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे खड़े डंपर से जा टकराई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नूंह भेज दिया है।



जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के उरई कोतवाली पुलिस की टीम अपहरण के मामले की जांच के सिलसिले में जींद की ओर जा रही थी। स्कॉर्पियो में चालक समेत चार पुलिसकर्मी सवार थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क किनारे डंपर खड़ा कर चालक पास के खोखे पर चला गया था। तभी पीछे से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो उससे टकरा गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से वाहन समेत भाग गया। सूचना मिलते ही धुलावट ट्रैफिक थाना पुलिस, तावडू सदर थाना पुलिस और तावडू के डीएसपी अभिमन्यु लोहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो में शव बुरी तरह फंसे हुए थे, जिन्हें करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे का शिकार हुई स्कॉर्पियो से लगभग डेढ़ लाख रुपये और दो पिस्टल मिली हैं, जिन्हें तावडू सदर थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

डीएसपी अभिमन्यु लोहान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश के साथ ओले गिरे, बदला मौसम का मिजाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ले ली और बारिश शुरू हो गई। दिनभर की चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है।

राजधानी के नरेला, बवाना, अलीपुर, बुराड़ी, बादली, छतरपुर, इग्नू, आयानगर और डेरामंडी जैसे इलाकों में बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलीं।

वहीं एनसीआर के गुरुग्राम में भी मौसम का असर देखने को मिला।

हालांकि बारिश ने राहत के साथ-साथ कुछ परेशानियां भी बढ़ा दीं। कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा कुछ इलाकों में ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई।

मौसम विभाग ने पहले ही इस बदलाव को लेकर चेतावनी जारी की थी और लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

## एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: खत्म हो गई पांच जिंदगियां

**नूंह।** नूंह जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10:30 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक स्कॉर्पियो कार पलवल की ओर से आ रही थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक वाहन चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान गाड़ी असंतुलित हो गई और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। क्षतिग्रस्त वाहन में शव बुरी तरह फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# महाराष्ट्र में दरिंदों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

## यौन अपराधियों को नहीं मिलेगी पैरोल, सरकार लाएगी कानून



**यह कदम हाल ही में पुणे जिले के भोर तहसील में सामने आए एक बेहद दर्दनाक मामले के बाद उठाया गया है।**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यौन अपराधों पर सख्ती बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। फडणवीस ने ऐसे आरोपियों को पैरोल (अस्थायी रिहाई) देने पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से नया कड़ा कानून तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह फैसला मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान लिया गया, जहां मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द कानूनी मसौदा तैयार कर प्रस्ताव पेश करने को कहा।

**बैठक में किन बातों पर चिंता जताई गई? :** सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने बैठक में चिंता जताई कि राज्य में यौन अपराधों के कई मामलों में आरोपी पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 80 से 90 प्रतिशत मामलों में आरोपी वे होते हैं जो पहले गिरफ्तार हो चुके होते हैं, लेकिन पैरोल पर बाहर आने के बाद दोबारा अपराध कर बैठते हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए उन्होंने सख्त कानूनी प्रावधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

**महाराष्ट्र ने इसी तरह कानून किया था लागू :** फडणवीस ने यह भी उल्लेख किया कि उनके 2014 से 2019 के पिछले कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने इसी तरह का एक कानून लागू किया था, जिसके तहत यौन अपराधों के आरोपियों को पैरोल देने पर रोक लगाई गई थी। हालांकि, यह कानून करीब तीन साल तक लागू रहने के बाद न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था। इस बार सरकार ऐसे प्रावधान लाने की तैयारी कर रही है जो न्यायिक जांच में भी टिक सकें और कानूनी रूप से मजबूत हों।

यह कदम हाल ही में पुणे जिले के भोर तहसील में सामने आए एक बेहद दर्दनाक मामले के बाद उठाया गया है। इस मामले में 65 वर्षीय एक व्यक्ति पर चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी दो बार इसी तरह के अपराधों में शामिल रह चुका था और पैरोल के दौरान ही उसने यह जघन्य वारदात अंजाम दी। इस घटना ने राज्य में कानून-व्यवस्था और पैरोल प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## केरल में गैस कीमतों के विरोध में हड़ताल

**केरल।** केरल में रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में 6 मई को राज्यभर में होटल, रेस्तरां, बेकरी और कैंटीन 24 घंटे के लिए बंद रहेंगे। यह बंद केरल होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के आह्वान पर किया जा रहा है। एसोसिएशन ने बताया कि इस दौरान ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाएं भी पूरी तरह बंद रहेंगी। यह कदम गैस कीमतों में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग को लेकर उठाया गया है। डळफ्ब्अ के अनुसार, राज्यभर में पेट्रोलियम कंपनियों और केंद्र सरकार के दफ्तरों के सामने विरोध मार्च और धरने आयोजित किए जाएंगे।

एनार्कुलम में पनमपिल्ली नगर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा, जिसका उद्घाटन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी. जयपाल करेंगे। केएचआरए के पदाधिकारियों ने कहा कि कई व्यापार निकायों-केरल व्यापारी व्यवसाई एकोपना समिति, केरल व्यापारी व्यवसाई समिति, ऑल केरल कैटरर्स एसोसिएशन और हॉस्टल ओनर्स फेडरेशन- ने बंद को समर्थन दिया है।

# विवेक विहार अग्निकांड: बिखरा पड़ा सुहाग का सामान, आंखें हुईं नम

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के विवेक विहार के बी-13 की तीसरी मंजिल पर राख के बीच एक मुस्कुराती तस्वीर पड़ी है। यह तस्वीर देखकर कलेजा बाहर को आ जाता है। आंखें नम हो जाती हैं। तस्वीर के आसपास बिखरे सुहाग के निशान कभी न भूलने वाली एक बड़ी त्रासदी के दर्द को बयां करती हैं।



इस राख में किसी के कान की बाली है, तो किसी के झुमके पड़े हैं। हाथों में पहने वाली लाल चूड़ी अब भूरा हो चुका है। कंगन का रंग फीका हो गया है। मांग में भरने वाला सिंदूर राख के साथ मिलकर कर काला हो गया है। मांग टीका अब मलबे के नीचे दबा हुआ है। लाल का रंग का जोड़ा स्याह हो गया है। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी के कपड़े जलकर खाक हो गए हैं। जिस थाली में भोजन रहता था, उसमें अब राख और मलबे का ढेर पड़ा हुआ है।

**रिश्तेदार राख में ढूंढ रहे थे नितिन, शैली और समायकन की निशानी :** परिवार को अंतिम विदाई देने के बाद परिवार चौथी मंजिल पर नितिन, शैली और समायकन के आखिरी निशानी ढूंढ रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद रिश्तेदारों को राख में दबा हुआ नितिन की घड़ी, शैली के कानों के झुमके और नाक की छोटी नथ मिले, तो रिश्तेदार फफक कर रो पड़े। उन्होंने इन चीजों को बहुत ही प्यार से संभाल कर एक कटोरी में रख दिए। साथ ही, उन्होंने इधर-उधर बिखरे हुए कीमती चीजों को इकट्ठा किया और उसे अपनी हथेली पर रखकर बहुत ही देर तक देखते रहे और नितिन, शैली और समायकन के यादों को स्मरण करने लगे।

## पश्चिम बंगाल में आठ मई तक बारिश और आंधी का अलर्ट

**कोलकाता।** मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में 8 मई तक आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और अनुकूल हवाओं के चलते राज्य के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने खास तौर पर उत्तर बंगाल के सब-हिमालयी जिलों जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग, अलीपुरद्वार और कूच बिहारमें 6 मई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

मौसम की इन परिस्थितियों के कारण राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। वहीं, कोलकाता में मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने के साथ गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। शहर में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम है।

06 May -26 page 3 05-05-26 10:31 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। बुधवार 06 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Ranitaa Singh Raghuvanshi is with Amarendra Pratap Singh.
32m · Lata Mangeshkar • R...
इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने अंदर के बचपन को सदैव जीवंत रखिए।
#bindasslife



# विधान परिषद वाले चुनावों में क्या होगा नया प्रयोग या सीन रहेगा रिपीट वाला
## शुरू हो गई है दावेदारी की रेस और सामने आ रहे हैं नये-नये फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी चुनाव वाली रेस शुरू हो चुकी है। भाजपा अपनी कार्यकर्ता आर्मी को विधानसभा चुनावों के लिये तैयार कर रही है, लेकिन एक रेस जो अंदर ही अंदर चल रही है वो रेस विधान परिषद यानी एमएलसी चुनाव को लेकर है। खास बात ये है कि इस चुनाव की तैयारी उम्मीदवार, दावेदारी सब अलग-अलग तरीके से कर रहे हैं। जो मौजूदा एमएलसी हैं वो लगातार वोट बैंक पर काम कर रहे हैं। नई वोट पर काम कर रहे हैं और जो दावेदारी में हैं वो भी वोट बैंक पर ही फोकस कर रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि वोट मेकिंग के इस काम में संगठन की सपोर्ट वाला सीन नहीं दिख रहा है। एक दौर था जब भाजपा नए चेहरों के साथ एमएलसी चुनाव में आई थी तो मेरठ से लेकर इंग्राहम स्कूल तक बहार नजर आई थी। भाजपाईयों ने डेरा डाल लिया था। एक-एक वोट का कैलकुलेशन था और ये इलेक्शन भाजपा ने रिकॉर्ड वोटों से जीता। अब फिर से ये रेस शुरू हो गई है और इस रेस में कई नए फेस आ गए हैं। सवाल यही है कि भाजपा टिकट रिपीट करेगी या वो किसी नये चेहरे पर प्रयोग करेगी। उसकी क्या रणनीति रहेगी इस पर सभी की नजर है। क्योंकि भाजपा इस समय प्रयोगधर्मिता के दौर से गुजर रही है। जब 2022 में विधानसभाओं से रिपोर्ट में खोट आ रहा था तब भाजपा ने सर्वे रिपोर्ट को एक तरफ हटाकर पुराने चेहरों को मैदान में उतारा था। जब नतीजा आया तो सर्वे रिपोर्ट फेल हो गई और भाजपा का जलवा ओके रिपोर्ट रहा। सभी उम्मीदवार जीते। भाजपा अब एमएलसी चुनाव में आएगी और सबसे बड़ी बात ये है कि अन्य राजनीतिक दलों के मुकाबले भाजपा यहां वोट वाली जमीन पर बहुत मजबूत है। उसने वोट बैंक को मजबूत कर रखा और यहां वो विपक्ष को पछाड़ने की क्षमता में नजर आती है।

### वस्त्र वालों से लेकर लोहे वालों तक दावेदारी का सीन





करंट क्राइम। दावेदारी का आलम ये है कि कुछ वरिष्ठ चेहरों को लग रहा है कि पार्टी उन्हें घर से बुलाकर टिकट देगी और कुछ दावेदार इस मामले में खबरदार हैं और वो जानते हैं कि अगर दौड़भाग नहीं करेंगे तो दावेदारी जीरो से कट जाएगी। वो लगातार प्रयासरत हैं। यहां एमएलसी चुनाव के दावेदारों में अनिल अग्रवाल सांवरिया का नाम आता है। अनिल अग्रवाल सांवरिया भाजपा से जुड़े हैं और वो सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से लगाव रखते हैं। संघ परिवार से उनका लिंक है और एमएलसी वाली दावेदारी में वो प्रयासरत हैं। इसी तरह लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा शिक्षाविद डॉ. अतुल जैन भी दावेदारी वाली लिस्ट में हैं। वो लगातार कार्यक्रमों में जा रहे हैं। एमएलसी वाली रेस में और भी कई फेस हैं अब ये समय बताएगा कि भविष्य में इनमें से कौन चेहरा फेस बनता है।

### कॉलेज वालों से कॉलेज वालों तक टफ कंप्टीशन

करंट क्राइम। वोट की बात करें तो यहां इस मामले में दोनों ही कॉलेज वालों को गहन और गंभीर नॉलेज है। सूत्र बताते हैं कि आरकेजीआईटी के चेयरमैन और मौजूदा एमएलसी दिनेश गोयल की पूरी टीम वोट बनवाने के काम पर जुटी है। एक-एक वोट का हिसाब है और वो यहां अन्य दलों के दावेदारों से लेकर अपनी ही पार्टी के दावेदारों में मजबूत दिखाई देते हैं। वहीं कॉलेज वालों की बात करें तो पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल भी इस रेस में सबसे मजबूत फेस हैं। वो भी लगातार वोट बनवा रहे हैं, फार्म वितरित कर रहे हैं। भले ही अनिल अग्रवाल एमएलसी वाली दावेदारी से इनकार करें लेकिन ये बात भाजपा वाले ही कहते हैं कि इतनी मेहनत कोई बिना उद्देश्य के नहीं करता।



### लोकसभा वाले सीन के बाद से बढ़ गई हैं उम्मीदें

करंट क्राइम। एमएलसी के रूप में दिनेश गोयल ने जबर्दस्त काम किया है। लगातार फील्ड में एक्टिव रहे हैं। सदन के भीतर खामोश नहीं बैठे हैं और क्षेत्र की आवाज बनकर आए हैं। लेकिन यहां दावेदार हॉपफुल हैं और वो ये तर्क देते हैं कि अब सिटिंग को ही मौका मिलना अनिवार्य शर्त नहीं है। वो लोकसभा का उदाहरण देते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि फैसला पार्टी को करना है लेकिन मांगना हमारा अधिकार है और हम पूरी ताकत से टिकट मांगेंगे। यहां पर तर्क ये भी दिया जाता है कि जब लोकसभा वाले सिटिंग सीन में समीकरण बदल सकते हैं तो फिर नए चेहरों को मौका मिल सकता है और वो उम्मीदें बरकरार रखे हुए हैं।

# रात में सड़कों पर उतरे एडीसीपी ट्रैफिक, सिस्टम की हकीकत आई बाहर
## ड्यूटी से गायब मिले ट्रैफिक पुलिसकर्मी, सख्त एक्शन के आदेश जारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित और आमजन के लिए सहज बनाने के दावों के बीच सोमवार रात एक बड़ा सच सामने आया। एडीसीपी ट्रैफिक वरुण कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण करते हुए शहर के कई प्रमुख और संवेदनशील ट्रैफिक पॉइंट्स का जायजा लिया। इस दौरान कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद मिले, जबकि कुछ जगहों पर मौजूद कर्मियों की कार्यशैली भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एडीसीपी ने मौके पर ही गैरहाजिर कर्मियों की रिपोर्ट दर्ज कराई और स्पष्ट चेतावनी दी कि दोबारा ऐसी स्थिति मिलने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी की इस सख्त कार्रवाई के बाद अब यह देखना अहम होगा कि ट्रैफिक व्यवस्था में वास्तविक सुधार कितनी तेजी से नजर आता है। गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अब केवल निर्देश नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर एक्शन भी शुरू हो गया है। एडीसीपी का यह औचक निरीक्षण साफ संकेत है कि अब ड्यूटी में लापरवाही करने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी और ट्रैफिक सिस्टम को किसी भी कीमत पर बेहतर बनाने की कोशिश जारी रहेगी।



### संवेदनशील पॉइंट्स पर एडीसीपी का औचक निरीक्षण

करंट क्राइम : सोमवार रात एडीसीपी ट्रैफिक ने शहर के उन प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया, जहां ट्रैफिक दबाव अधिक रहता है और हादसों की आशंका बनी रहती है। निरीक्षण किए गए प्रमुख स्थानों में डासना अंडरपास, बुद्ध चौक (वसुंधरा), चिरंजीव विहार कट, मेरठ रोड, विजयनगर, शिप्रा अंडरपास बताया गया कि डासना क्षेत्र में एक दुर्घटना की सूचना मिलने पर एडीसीपी पहले मौके पर पहुंचे और वहां की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद लौटते समय उन्होंने अलग-अलग ट्रैफिक पॉइंट्स पर रुककर ड्यूटी की वास्तविक स्थिति को परखा। इस पूरी कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया, ताकि जमीनी हकीकत सामने आ सके।

### रात 11:30 के बाद गायब दिखी ट्रैफिक पुलिस, आदेशों की अनदेखी

करंट क्राइम : एडीसीपी के निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, वह चौंकाने वाली रही। रात 11:30 बजे के बाद कई प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट्स पर पुलिसकर्मी पूरी तरह नदारद मिले। जिसमें डासना अंडरपास, बुद्ध चौक वसुंधरा और चिरंजीव विहार कट जैसे महत्वपूर्ण स्थान खाली पाए गए हैं। कुछ स्थानों पर मौजूद कर्मियों की सतर्कता और सक्रियता भी अपेक्षित स्तर की नहीं थी, जबकि पुलिस कमिश्नरेट स्तर से स्पष्ट निर्देश हैं कि कई संवेदनशील स्थानों पर रात 2 बजे तक ट्रैफिक ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद ड्यूटी से गायब रहना सीधे तौर पर आदेशों की अवहेलना माना जा रहा है। एडीसीपी ने गैरहाजिर कर्मियों की हाजिरी काटते हुए उन्हें कड़ी चेतावनी दी और कहा कि पुन: लापरवाही मिलने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर सख्त विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी।

### एडीसीपी का स्पष्ट संदेश, ड्यूटी में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

करंट क्राइम : निरीक्षण के दौरान एडीसीपी वरुण कुमार सिंह ने मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कड़े निर्देश दिए ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। रात्रि ड्यूटी में रिफ्लेक्टर जैकेट, टॉर्च और वायरलेस सेट अनिवार्य रूप से साथ रखें। अपनी सुरक्षा के साथ-साथ यातायात संचालन को भी प्राथमिकता दें। किसी भी स्थिति में ड्यूटी पॉइंट न छोड़ें उन्होंने साफ कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जब नदिया पार में सीवर के पानी की शिकायत पर मेयर ने लिया एक्शन
## मिला दिया अधिकारी को फोन और कहा- तत्काल होना चाहिए सॉल्यूशन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि के रूप में मेयर सुनीता दयाल धुंआधार पारी खेल रही है। उनकी ये खूबी है कि वो बात को स्पष्ट कहती हैं और उनके लहजे में कोई छिपाव नहीं होता है। वो जनता के बीच जाती हैं और एक्शन भी लेती हैं। मेयर सुनीता दयाल का क्विक एक्शन देखकर इंदिरापुरम की महिलाएं भी हैरान रह गई। मेयर सुनीता दयाल इंदिरापुरम के न्यायखण्ड इलाके में एक पार्क का उद्घाटन करने पहुंची थीं। मेयर सुनीता दयाल उद्घाटन कर रही थीं तभी यहां क्षेत्र की महिलाएं भी पहुंची। इन स्थानीय महिलाओं ने मेयर सुनीता दयाल को ये अवगत कराया कि उनके क्षेत्र में लगभग एक महीने से नलों में



सीवर का पानी आ रहा है। महिलाओं ने बताया कि कई बार सीवर कंपनी के लोग आए और वो काम भी करके गए लेकिन चार दिन पानी ठीक आता है और फिर सीवर का पानी आ रहा है। महिलाओं ने मेयर से अनुरोध किया कि वो इस समस्या का समाधान करा दें। महिलाओं को उम्मीद थी कि मेयर उनसे प्रार्थना पत्र ले लेंगी और इसे रुटीन वे में कार्यवाही के लिये भेजेंगी। लेकिन न्यायखण्ड क्षेत्र की महिलाएं मेयर सुनीता दयाल का अंदाज-ए-एक्शन देखकर हैरान रह गई। मेयर सुनीता दयाल ने महिलाओं की बात को सुना और फिर उन्होंने अगले ही पल जलकल विभाग के जीएम को फोन मिला लिया। मेयर ने पहले अधिकारी से ये पूछा कि आखिर इतने दिनो से न्यायखण्ड की इस समस्या का समाधान क्यों नहीं हो रहा है। इसके बाद उन्होंने सीवर सफाई का काम देखने वाले ठेकेदार के बारे में जानकारी ली, सुपरवाइजर के बारे में जानकारी ली। मेयर ने तत्काल ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि न्याय खण्ड के लोगों की सीवर वाले पानी की समस्या का समाधान तत्काल होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया और फिर जनता को आश्वस्त किया कि 24 घंटे के भीतर आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा। मेयर का ये अंदाज न्यायखण्ड की महिलाओ को बेहद पसंद आया। उनके बीच ऐसा जनप्रतिनिधि जिसने तत्काल ही अधिकारी को फोन मिलाया, काम के निर्देश दिये और समाधान का आश्वासन देने के बाद ही मेयर वहां से रवाना हुई।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया शहर में 7 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

**विकास की ओर...**

**प्रदूषण नियंत्रण पर दिया गया जोर**

**महापौर ने नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी चिंता जताई**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने शहर को प्रदूषण से राहत दिलाने के उद्देश्य से करीब 7 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों में सड़कों को डस्ट फ्री बनाने और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद विनिल दत्त, उदित मोहन, मनु डबास, रेखा गोस्वामी, यशपाल पहलवान, ओमपाल, ज्योति चौहान, राधेश्याम त्यागी, योगेन्द्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। महापौर ने बताया कि शहर में कई पार्क जर्जर हालत में थे और सड़कों के किनारे कच्ची पटरी होने से धूल उड़ती थी, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़कों के किनारे साइड पटरी निर्माण और पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में इन कार्यों का लाभ सीधे आम जनता को मिलेगा।





इस दौरान महापौर ने नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि नालों पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है, ताकि सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके और बरसात के समय जलभराव की समस्या न हो।

कार्यक्रम के अंत में महापौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की खुशी भी मनाई और मिठाई बांटी।

### शिलान्यास किए गए प्रमुख कार्य

- मोहन नगर जोन में सिकंदरपुर कट से दिल्ली बॉर्डर तक साइड पटरी निर्माण (लगभग 3.70 करोड़)
- सिटी जोन में चौधरी मोड़ से दौलतपुरा फ्लाईओवर तक साइड पटरी निर्माण (लगभग 2.70 करोड़)
- वार्ड 62 हरसांव गांव में सड़क निर्माण (लगभग 50 लाख)
- इंदिरापुरम न्यायखंड-2 में पार्क सौंदर्यीकरण (लगभग 15.60 लाख)
- सेंट्रल पार्क/रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण (लगभग 12.50 लाख)
- वार्ड 43 कड़कड़ मॉडल गांव में पार्क सौंदर्यीकरण (लगभग 26 लाख)
- इन विकास कार्यों से शहर में न सिर्फ आधारभूत सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलने की उम्मीद है।



### फीकी पड़ रही है सूटकेस के बदले डीएम सपोर्ट वाली कहावत
# अब एलिफेंट पर सवार होने के बाद पहचान भी खो देते हैं ये नए महावत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक दौर था जब नीले हाथी ने चार बार यूपी में सरकार बनाई। जिला पंचायत चुनाव में उसकी धमक थी और गाजियाबाद में पांच सीटों पर हाथी के विधायक रहे। पुराना कार्यकर्ता निष्ठा समर्पण जैसी बातें और दलों में होती होंगी हाथी में चुनाव का सारा बल सूटकेस पर निर्भर करता है। फेस कौन होगा, नहीं होगा इससे महत्वपूर्ण बात ये है कि सूटकेस किसका है। रातों रात वाली कहावत से आगे बढ़कर ये सीन है और वो ये है कि अगर कोई एक घंटे पहले भी हाथी पर सवार हुआ है तो वो लोकसभा से लेकर जिला पंचायत तक उम्मीदवार हो सकता है।

हाथी एक ऐसा दल है जिसके बारे में ये कहा जाता है कि ये पहला दल है जहां मुलाकातों के भी रेट फिक्स हुआ करते थे और चुनाव लड़ने वालों के सूटकेस तय करते थे कि कौन उम्मीदवार होगा। मुलाकात और टिकट के रेट भी इसलिये थे कि सबको लगता था कि अगर वो हाथी पर सवार हो जाएंगे तो दलित और मुस्लिम उनके चुनावी यार हो जाएंगे। लेकिन ये मिथक धीरे धीरे टूटा और फिर ये हुआ कि हाथी वाला दल उम्मीदवारी का टूरिस्ट हब बन गया। लोग यहां केवल चुनाव लड़ने आए और चुनाव हारकर चलते बने।

चुनाव लड़ना और हारना एक अलग बात है लेकिन सियासत के सीन से ही आउट हो जाना गंभीर बात है। यहां की राजनीति की बात करें तो लोकसभा चुनाव में भाजपा से ही नंदकिशोर पुण्डीर बसपा में आ गये। रातों रात टिकट भी मिल गया और वो उम्मीवार भी हो गये। उन्हें उम्मीद थी कि डीएम अपने आप आ जाएगा और बिरदारी पर मेहनत करनी होगी। लिहाजा उन्होंने अंबेडकर वाली मूर्ति को छोड़कर महाराणा प्रताप के घोड़े वाली मूर्ति पर फोकस किया। नतीजा ये हुआ कि लोकसभा जैसे बड़े चुनाव में वो एक लाख वोट भी नहीं ले पाये। आज बसपा के ये उम्मीदवार कहां हैं, किस दल में है, किस पॉजिशन में हैं किसी को नहीं पता। मेयर चुनाव में सतपाल चौधरी की पत्नी मुन्नी देवी मैदान में आईं। सतपाल चौधरी सपा से टिकट मांग रहे थे और यहां बात नहीं बनी तो वो बसपा में चले गए। जाते ही टिकट मिल गया लेकिन ना ह्यडीह्न साथ आया और ना ह्यएमह्न ने मदद की और नीला हाथ थर्ड डिविजन से पास हुआ। आज सतपाल चौधरी आजाद समाज पार्टी में हैं। गाजियाबाद की राजनीति से आउट हो चुके हैं। भाजपा से ही केके शुक्ला विधानसभा का चुनाव लड़ने आए।

उनके साथ भी यही हश्र हो गया। ना बिरादरी साथ आई और ना दलित अपने हुए और ना ही मुस्लिमों का वोट मिला। चुनाव के बाद बैक टू भाजपा हो गए। गाजियाबाद की राजनीति में कहां हैं कुछ पता नहीं। कांग्रेस के पीएन गर्ग पहले सपा में गए, जब सपा ने सिंबल देकर हाथ से वापस सिंबल ले लिया तो गर्ग साहब बसपा में चले गए। बसपा में फेस होना कोई मेटर नहीं है और बेस क्या है ये आपकी चिंता है और सूटकेस का होना अनिवार्य है। चुनाव तो वो लड़ लिये मगर उनका हाल भी वही हुआ और बड़ी बात ये है कि पीएन गर्ग भी एक्टिव पॉलिटिक्स के रडार से आउट हैं। ऐसे में अब जब 2027 आ रहा है तो ये चेहरे क्या करेंगे। क्या हाथी इन्हें कोई सपोर्ट देगा। वैसे भी अब ये बात तय हो गई है कि आप हाथी से चुनाव तो लड़ सकते हैं तो लेकिन हाथ के साथ लंबी सियासी पारी नहीं खेल सकते। कौन से नेता हाथी को प्लान बी में लेकर चलेंगे, ये देखने की बात है।

# समाजवादी पार्टी के सिटी और जिला कप्तान खेल रहे हैं बढ़िया पारी
### हाउस टैक्स से लेकर स्मार्ट मीटर तक दिखाई विपक्ष की जिम्मेदारी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विपक्ष हमेशा से सरकार पर लगाम रखता है। विपक्ष सरकार की खामियों को तलाशता है और उचित मंचों से आवाज उठाता है। विपक्ष के मुद्दे कई बार सरकार पलट देते हैं। लेकिन गाजियाबाद की बात करें तो यहां विपक्ष के नाम पर कुछ राजनीतिक दल पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं। कुछ राजनीतिक दल सिर्फ औपचारिकता पूरी करते हैं। लेकिन यहां पर अगर विपक्षी दल की बात करें तो समाजवादी पार्टी पूरी शिद्दत से ये लड़ाई लड़ते दिखाई देती है। वो सड़कों पर आती है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट और समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने विपक्ष वाली पारी खेली है। जब पार्टी सत्ता से बाहर हो और वरिष्ठों से लेकर कनिष्ठ तक पार्टी कार्यालय पर आने से बच रहे हों तब ऐसे में विपक्षी तेवरों के साथ ये दोनों अध्यक्ष विपक्ष का मजबूत चेहरा बनकर दिखाई दे रहे हैं। जब हाउस टैक्स की बात थी तो ये समाजवादी थे जिन्होंने अपने अध्यक्षों की आवाज पर निगम मुख्यालय घेर लिया था। धरना दिया था, प्रदर्शन किया था और ये दिखाया था कि हम पुलिस की लाठी या डंडों से नहीं डरते हैं हम जनता के मुद्दों पर लड़ना जानते हैं। स्मार्ट मीटर को लेकर जब अन्य दल खामोश रहे तब समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोला, सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा, उसे कहना पड़ा कि जो पहले प्रीपेड कर दिये गये हैं वो भी पोस्टपेड में तब्दील होंगे।





समाजवादियों के ये तेवर वास्तव में उसे विपक्ष वाले विशेष कक्ष में स्थापित करते हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन तथा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव की ट्यूनिंग बेहतर बताते हैं। दोनों नेताओं के पास टीम है और सबसे खास बात ये है कि ये दोनों अध्यक्ष अपने व्यवहार से कार्यकताओं को पसंद आते हैं। लहजा नरम और शालीन रखते हैं। बड़ी बात ये है कि जब विपक्ष खामोश वाले अंदाज में है तब इन दोनों अध्यक्षों को पता है कि किस मुद्दे पर आवाज उठानी है। धरने प्रदर्शन का तापमान क्या रखना है ये जानते हैं। जब आम आदमी पार्टी की तरफ से कोई आवाज नहीं उठ रही।

जब कांग्रेस केवल विरोध की औपचारिकता निभाती है, जब बसपा जन मुद्दों पर नजर ही नहीं आती है तब ऐसे में ये दोनों अध्यक्ष अपनी शानदार जुगलबंदी के चलते अपनी रणनीति के चलते समाजवादी पार्टी की साइकिल को चुनावी माइलेज देते दिख रहे हैं। फैसल हुसैन और वीरेंद्र यादव ने युवा चेहरों वाली छवि के साथ विपक्ष की राजनीति को जिंदा रखा हुआ है। ये दोनों अध्यक्ष जनमुद्दों पर पार्टी की ताकत के साथ जनता के साथ खड़े होते हैं।

# गाजियाबाद में शुरू हुई मेरठ जोन पुलिस फुटबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026
## एडिशनल सीपी ने किया शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन्स में मंगलवार से पुलिस मेरठ जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ हो गया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 5 मई से 7 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें मेरठ जोन के विभिन्न जनपदों और कमिश्नरेट की टीमें मैदान में उतर रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी समन्वय को भी नई ऊर्जा देते हैं।



इस प्रतियोगिता में हापुड़, बुलंदशहर, बागपत, सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर के साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद की महिला एवं पुरुष टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले ही दिन मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह और मुकाबलों का जोश देखने लायक रहा। शुभारम्भ समारोह में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी राजेश पांडे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# आग में फंसे लोग

रविवार सुबह हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से सेंट्रल लॉक प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक रिहाइशी इमारत में आग से नौ लोगों की मौत की घटना को लेकर जो बातें सामने आई हैं, उनसे सुरक्षा प्रबंधों पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इमारत में सेंधमारी से बचाव के लिए लगाई गई सेंट्रल लॉक प्रणाली, लोहे की मोटी ग्रिल और निकास के लिए वैकल्पिक बंदोबस्त न होना जानलेवा साबित हुआ। सुरक्षा के नाम पर की गई इस व्यवस्था ने आग और धुएं से घिरे लोगों के बचाव के रास्ते को ही बंद कर दिया। सवाल है कि बड़े शहरों में बनने वाले आवासीय परिसरों में सुरक्षा इंतजामों की समय-समय पर जांच क्यों नहीं की जाती? जब किसी इमारत में एक खतरे के मद्देनजर कोई सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाते हैं, तो दूसरे जोखिमों को नजरअंदाज क्यों कर दिया जाता है? क्या भवन निर्माताओं के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी नहीं है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवासीय परिसरों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं? गौरतलब है कि रविवार तड़के हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से इलेक्ट्रिक लॉक प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। यही नहीं, इमारत में आने-जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी, आपात स्थिति में निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं थी। हैरत की बात है कि वाहनों और इमारतों में आग की घटना के दौरान इलेक्ट्रिक लॉक प्रणाली की वजह से जान जाने की खबरें अक्सर आती रहती हैं, इसके बावजूद सुरक्षा के स्तर पर कहीं कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। आवासीय इमारतों में सुरक्षा उपायों की गहन जांच-पड़ताल के बिना ही बिजली-पानी के कनेक्शन दे दिए जाते हैं। सरकार और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस तरह की अनियमितता और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ न हो। यही नहीं, इमारत में आने-जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी, आपात स्थिति में निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके बावजूद सुरक्षा के स्तर पर कहीं कोई गंभीरता नजर नहीं आती है।

# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 251 अंक गिरा, निफ्टी 24000 के करीब

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 पर बंद हुआ; निफ्टी 86.50 अंक गिरकर 24,032.80 पर आ गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में शुरूआत से अंत तक नरमी छाई रही। सेंसेक्स 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 पर बंद हुआ; निफ्टी 86.50 अंक गिरकर 24,032.80 पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे गिरकर 95.25 (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और वॉल स्ट्रीट के रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आने के कारण मंगलवार को वैश्विक शेयर बाजारों



में मिला-जुला रुख देखने को मिला। इस भू-राजनीतिक तनाव के बीच तेल की कीमतों में शुरूआती उछाल के बाद फिर से गिरावट दर्ज की गई है। यूरोपीय बाजारों में मिश्रित प्रतिक्रिया रही, जहां ब्रिटेन का एफटीएसई100 0.8 प्रतिशत गिर गया, जबकि फ्रांस के सीएसी40 और जर्मनी के डैक्स में क्रमशः 0.6 प्रतिशत और 1 प्रतिशत की तेजी आई। दूसरी ओर, जापान, दक्षिण कोरिया और मुख्य भूमि चीन के बाजारों में अवकाश होने के कारण एशियाई व्यापार सुस्त रहा और हांगकांग के हैंग सेंग में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

इसके अलावा, मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण ईंधन और वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा मुद्रास्फीति के दबाव का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने अपनी बेंचमार्क ब्याज दर बढ़ाकर 4.35% कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप वहां के शेयर सूचकांक (एसएंडपी/एएसएक्स 200) में 0.2% की गिरावट दर्ज की गई।

# डीपीआईआईटी ने एफडीआई आवेदनों को निपटाने के लिए जारी की एसओपी

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। मानक प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए 12 सप्ताह तक का समय निर्धारित किया गया है, जिसमें आवेदकों द्वारा प्रस्तावों में कमियों को दूर करने या सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने में लगने वाला समय शामिल नहीं है।

डीपीआईआईटी ने कहा, इस मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उद्देश्य एफडीआई आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया को पूरी तरह से कागज



रहित बनाना है इसलिए, आवेदक को एफडीआई प्रस्तावों को संसाधित करने के लिए आवश्यक किसी भी दस्तावेज की भौतिक प्रतियां जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। मानक प्रक्रिया के अनुसार, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश संबंधी सभी आवेदनों को विदेश मंत्रालय को उनकी टिप्पणियों/मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और अन्य मामलों में, जहां आवश्यक हो, निर्धारित समय अवधि के भीतर ऐसा किया जाएगा।

इसमें आगे कहा गया है कि आरबीआई, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय सहित किसी भी प्रस्ताव पर परामर्श किए जाने वाले सभी मंत्रालयों और विभागों को समय सीमा के भीतर अपनी टिप्पणियां देनी होंगी, और यदि निर्धारित समय के भीतर टिप्पणियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि उनके पास देने के लिए कोई टिप्पणी नहीं है। अंतिम मानक परिचालन नीति (एसओपी) 29 जून, 2017 को जारी की गई थी। उसके अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्ताव की मंजूरी के लिए अधिकतम 10 सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की गई थी।

# वैश्विक संकटों में भी मजबूत रहा भारत, मूडींकच्चे तेल की कीमतों में उछाल

## सोने-चांदी की कीमतें गिरी, भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान युद्ध में जारी तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के चलते सोमवार के सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली, और उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर बनी चिंताओं ने सुरक्षित निवेश विकल्पों के आकर्षण को कम कर दिया।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 1,239 रुपए यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 1,50,113 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं, जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 4,863 रुपए यानी 1.94 प्रतिशत गिरकर 2,46,074 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, 999 प्यूरिटी वाले सोने का भाव सोमवार को 1,48,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, जो पिछले



गुरुवार (30 अप्रैल) के 1,50,263 रुपए से 2,163 रुपए की गिरावट को दशार्ता है। वहीं 999 प्यूरिटी वाली चांदी की कीमत सोमवार को 2,40,120 रुपए प्रति किलोग्राम रही, जो पिछले गुरुवार के 2,40,331 रुपए से 211 रुपए कम है। वैश्विक बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना रहा। भारतीय समयानुसार शाम 7.47 बजे तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 4,569 डॉलर प्रति औंस के आसपास थी, जिसमें लगभग 1.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, कॉमेक्स चांदी के भाव में करीब 3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह लगभग 74.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

अमेरिकी मौद्रिक नीति और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा।

### भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 5.12 प्रतिशत बढ़ा

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह यानी नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में स्थिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.12 प्रतिशत बढ़कर 23,40,406 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, इस वित्त वर्ष में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह यानी ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 28,11,936 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 27,03,107 करोड़ रुपए के मुकाबले 4.03 प्रतिशत ज्यादा है।

# एमएसपी से 14 फीसदी कम कीमत पर बिक रहीं दालें

## सरकार के हस्तक्षेप का भी नहीं दिखा असर

**नई दिल्ली।** दालों की खेती को बढ़ावा देने से पैदावार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते बफर स्टॉक भी मजबूत हुआ है। हालांकि सरकार के हस्तक्षेप के बाद भी ज्यादातर दालों की कीमत टरढ से नीचे बनी हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो दालों की अधिक आवक और मांग में कमी के कारण कीमतें कम हैं। आंकड़े बताते हैं कि तुअर, चना, उड़द, मूसर और मूंग जैसी दालों का बाजार रेट टरढ से 4 से 14 फीसदी तक नीचे है।

**एमएसपी से काफी नीचे आया दालों का भाव :** दाल उत्पादन का लगभग 50 फीसदी हिस्सा चने का होता है, और वर्तमान में इसकी मंडी में कीमत 5200 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि इस सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) 5875 रुपये प्रति क्विंटल तय है। वहीं तुअर की कीमतें मानक कीमत से लगभग 6 फीसदी नीचे हैं। मसूर 6200 रुपये प्रति क्विंटल और उड़द की कीमतें 7500 रुपये प्रति क्विंटल हैं तय



हैं लेकिन ये दालें भी क्रमशः 11 प्रतिशत और 4 प्रतिशत कम में बिक रही हैं।

**सरकारी एजेंसियों के मौजूदा बफर स्टॉक :** उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार, बाजार में दालों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दालों का एक बड़ा बफर स्टॉक बनाया है।

सरकार ने राज्यों से की थी ये मांग राज्यों को भेजे गए एक पत्र में, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा, वे अपनी जनता के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम-पोषण, आईसीडीएस और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए दालें खुले बाजार से ना खरीदें बल्कि केंद्रीय भंडार से लें।

# निजी कर्मचारियों के लिए ईपीएफओ वेतन सीमा 25000 तक बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** प्राइवेट कर्मचारियों को लेकरदरअसल, ईपीएफओ में सरकार बड़े बदलाव करने की तैयारी में है। ऐसी खबरें है कि केंद्र सरकार कथित तौर पर एक और बड़े सुधार पर विचार कर रही है। यह बदलाव एढक्र्के लिए मौजूदा वेतन सीमा को बढ़ाने को लेकर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनिवार्य कर्मचारी भविष्य निधि कवरेज के लिए वेतन सीमा को मौजूदा 15000 से बढ़ाकर 25000 प्रति माह किया जा सकता है।

कर्मचारी भविष्य निधि कवरेज के लिए वेतन सीमा को बढ़ाने को लेकर नीतिगत विचार चल रहा है। हालांकि, अभी तक इसे लेकर किसी



भी प्रकार की कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया न ही कोई औपचारिक अधिसूचना जारी की गई है।

ईपीएफ के लिए वेतन की सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार तक करने का मतलब है कि जिन कर्मचारियों की मौजूदा सीमा 15,000 प्रति माह (मूल वेतन + महंगाई भत्ता) है, उनका ईपीएफ में शामिल होना अनिवार्य है।

# वैश्विक संकटों में भी मजबूत रहा भारत, मूडीज ने बताया सबसे लचीली अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** साल 2020 के बाद से दुनिया भर में आए तमाम आर्थिक तूफानों और भू-राजनीतिक संकटों के बीच, भारत सबसे मजबूत और 'लचीली' बड़ी उभरती बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। मंगलवार को जारी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'मूडीज रेटिंग्स' की एक विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास अपनी मुद्रा की अस्थिरता को रोकने के लिए पर्याप्त और विशाल विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। इसी भंडार ने वैश्विक संकटों के दौरान निवेशकों और बाजार का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि भारत अपनी मजबूत नीतियों के दम पर



भविष्य में आने वाले किसी भी बड़े वैश्विक झटके का प्रबंधन करने के लिए अन्य देशों के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति में है।

इन सभी संकटों ने आमतौर पर विनिमय दर के दबाव, कठिन फंडिंग स्थितियों और पुनर्वित्त जोखिमों के माध्यम से उभरते बाजारों में तनाव पैदा किया। हालांकि, भारत सहित कई बड़े उभरते बाजारों ने पिछले पांच वर्षों में जोखिम प्रीमियम में तेज वृद्धि या बाजार पहुंच खोए बिना इन बड़े वैश्विक झटकों को सफलतापूर्वक झेला है। मूडीज के अनुसार, हाल के संकटों के बाद 'अपेक्षाकृत अनुकूल बाहरी बाजार स्थितियों' ने भी 2020 के बाद से उभरते बाजारों को इन झटकों को सहने में मदद की है।

### मौद्रिक नीति और विदेशी मुद्रा भंडार बनी ढाल

मूडीज की 'इमर्जिंग मार्केट' रिपोर्ट उभरते बाजारों की स्थिति का गहराई से विश्लेषण करती है। इसके अनुसार, भारत का मौद्रिक नीति ढांचा बेहद स्पष्ट और पूर्वानुमानित है, जो इसे आर्थिक झटकों से बचाने में एक ढाल का काम करता है। इसके साथ ही, देश में महंगाई की उम्मीदें काफी हद तक नियंत्रित हैं और जरूरत पड़ने पर देश की विनिमय दरों में समायोजन करने की क्षमता भी अर्थव्यवस्था को लचीलापन प्रदान करती है। रिपोर्ट बताती है कि भारत भविष्य के किसी भी तनाव की अवधि में मजबूत और सुलभ बफर के साथ प्रवेश करेगा, क्योंकि घरेलू फंडिंग पर इसकी निर्भरता को इसके गहरे स्थानीय बाजारों और भारी-भरकम भंडार द्वारा संतुलित किया गया है। भारत ने हाल के वैश्विक तनाव की अवधि से काफी पहले ही स्थिरता का समर्थन करने वाले प्रमुख नीतिगत विकल्प अपना लिए थे।

# रोचक तथ्यों का करंट



- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

# राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

# चुटकुले

एक लड़का इंटरनेट पर सर्च करते हुए लिखता है।
'हाऊ टु इंप्रेस अ गर्ल इफ वीक इन इंग्लिश जवाब मिला...
ओए, सुधर जाओ, खेती बाड़ी कर लेओ जेमे फायदा ना,
मोड़ी पटावे में कछु नाई धरो, जायदाद बिक जेहे जे चक्करन मा, और जूता पड़िहैं, वै अलग।

---

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम से बुलाता है?
रमेश- गूगल
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब 100 मिलते हैं।

---

पिता- नालायक, तू फिर फेल हो गया, आज से कभी मुझे पापा मत कहना
टीटू- ओह कमऑन डैड, स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई डीएनए टेस्ट थोड़ी न था।

# 06 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



तानिया (अभिनेत्री) | भव्या शर्मा | लव शर्मा | विराट एवं यूवी | गुनगुन | सवीता



नेहा राघव | विपिन कुमार शर्मा | संजय शर्मा | जितेन्द्र शर्मा | यकीन इदरीशी | गोपाल माथुर | अनुराग अन्वेषी



राजेश कुमार | संदीप चौधरी | सुभाश गौर | निशांत पंड़ित | फहीम खान | कुनाल गुप्ता | पारस शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# लखनऊ पर जीत के बावजूद नौवें नंबर पर मुंबई इंडियंस

## ऑरेंज और पर्पल कैप किसके पास



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स पर जीत जरूर दर्ज की, लेकिन टीम अब भी अंक तालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है। लगातार खराब शुरूआत की वजह से मुंबई को इस जीत का बड़ा फायदा नहीं मिला। हालांकि प्लेऑफ की रेस में दोनों टीमें अभी जिंदा हैं।

आईपीएल 2026 का 47वां मुकाबला सोमवार की शाम मुंबई इंडियंस (एमआई) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। एमआई ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करते हुए एलएसजी को छह विकेट से हराया।

### मुंबई की लखनऊ पर जीत

एलएसजी ने एमआई को जीत के लिए 229 रन का लक्ष्य दिया था। रेयान रिकेल्टन के 32 गेंदों पर 83 और रोहित शर्मा के 44 गेंदों पर 84 रन की मदद से एमआई ने 229 का लक्ष्य 18.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में हार्दिक की जगह मुंबई की कप्तानी सूर्यकुमार यादव ने की थी। हार्दिक बीमार होने की वजह से मैच का हिस्सा नहीं थे। एमआई और एलएसजी मैच के बाद अंकतालिका में बहुत बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। चेन्नई सुपर किंग्स नौ मैचों से आठ अंक लेकर छठे, दिल्ली कैपिटल्स नौ मैचों से आठ अंक लेकर सातवें, कोलकाता नाइट राइडर्स नौ मैचों से सात अंक लेकर आठवें, एमआई 10 मैचों से छह अंक लेकर नौवें और एलएसजी नौ मैचों से चार अंक लेकर दसवें स्थान पर है। समान अंक के बावजूद टीमों की रैंकिंग में अंतर रन रेट की वजह से है। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पास ऑरेंज कैप बनी हुई है। अभिषेक ने 10 मैचों की 10 पारियों में 440 रन बनाए हैं। नौ मैचों की नौ पारियों में 433 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल दूसरे स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के पास पर्पल कैप है। भुवनेश्वर ने नौ मैचों में 17 विकेट लिए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज के भी नौ मैचों से 17 विकेट हैं। कंबोज दूसरे नंबर पर हैं।

### आईपीएल 2026 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | +0.855 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +1.420 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.644 |
| राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.510 |
| गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | +0.005 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

### अंक तालिका में कौन मजबूत

पंजाब किंग्स नौ मैचों से 13 अंक लेकर पहले स्थान पर है। आरसीबी नौ मैचों से 12 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद 10 मैचों से 12 अंक लेकर तीसरे, राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों से 12 अंक लेकर चौथे और गुजरात टाइटंस 10 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

# हॉकी के हीरो भरत छेत्री अब जनता के नेता: कभी देश बचाया था



दीवार बने थे भरत छेत्री

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन भरत छेत्री ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में कलिम्पोंग सीट से शानदार जीत दर्ज की है। कभी गोलपोस्ट के सामने देश के लिए दीवार बने छेत्री अब जनता के भरोसे के नए रक्षक बनकर उभरे हैं। गांव से ओलंपिक और फिर राजनीति तक उनका सफर प्रेरणादायक कहानी बन गया है।

कभी हॉकी मैदान में गोल रोककर भारत को जीत दिलाने वाले भरत छेत्री अब चुनावी मैदान जीत चुके हैं। पश्चिम बंगाल की कलिम्पोंग विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भरत छेत्री ने जीत हासिल कर राजनीति में दमदार एंट्री की है। यह जीत सिर्फ एक उम्मीदवार की जीत नहीं, बल्कि उस खिलाड़ी की जीत है जिसने जीवनभर दबाव में खेलना सीखा और अब जनता के भरोसे पर खरा उतरने का मौका पाया है। जब देश के लिए दीवार बने थे भरत छेत्री

भरत छेत्री भारतीय हॉकी टीम के सबसे भरोसेमंद गोलकीपरों में गिने जाते हैं। उनका सबसे यादगार पल 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स का सेमीफाइनल था, जब इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंच गया था। उस तनावपूर्ण मुकाबले में छेत्री ने निर्णायक बचाव किया और भारत को 5-4 से जीत दिलाई। उस दिन उन्होंने सिर्फ एक शॉट नहीं रोका था, बल्कि करोड़ों भारतीयों की उम्मीद बचाई थी। अब वर्षों बाद उन्होंने फिर जीत दर्ज की है, लेकिन इस बार मैदान हॉकी का नहीं, लोकतंत्र का था।

# जय श्रीराम' वाली पर्ची से वायरल हुए रघु शर्मा कौन हैं

## 15 साल बाद पूरा हुआ सपना, संघर्ष, धैर्य और विश्वास की मिसाल



**मुंबई।** रघु शर्मा की कहानी संघर्ष, धैर्य और विश्वास की मिसाल है। पंजाब के जालंधर से निकले इस लेग स्पिनर ने कोचिंग भी की, नेट गेंदबाज भी रहे और 33 साल की उम्र में मुंबई इंडियंस से आईपीएल डेब्यू किया। 15 साल की मेहनत के बाद मिला यह मौका अब चर्चा में है।

आईपीएल 2026 को अक्सर सपनों की लीग कहा जाता है, जहां एक रात में खिलाड़ी स्टार बन सकता है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ प्रतिभा नहीं बल्कि संघर्ष, धैर्य और लगातार मेहनत से बनती हैं। ऐसी ही कहानी है मुंबई इंडियंस के स्पिनर रघु शर्मा की, जिन्होंने 33 साल की उम्र में आईपीएल 2026 में अपनी पहचान बनाई। सोमवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स के मुकाबले में रघु शर्मा ने अपना पहला आईपीएल विकेट लिया। उन्होंने दो मई को चेन्नई के खिलाफ मैच में आईपीएल डेब्यू किया था, लेकिन




विकेट नहीं ले पाए थे।

**पर्ची में बयां किया दर्द:** विकेट के बाद उन्होंने एक पर्ची कैमरे की तरफ दिखाई, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उस पर्ची पर लिखा था, 'राधे राधे। बेहद दर्दभरे 15 साल आज गुरुदेव की कृपा से खत्म हुए। मुझे यह मौका देने के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का धन्यवाद। सदा आभारी। जय श्री राम।' यह सिर्फ एक जश्न नहीं था, बल्कि 15 साल के इंतजार की कहानी थी।

**पंजाब के जालंधर से शुरू हुआ सफर:** रघु शर्मा का जन्म 1993 में पंजाब के जालंधर में हुआ। वह पेशे से लेग ब्रेक गेंदबाज हैं और जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने गंभीरता से क्रिकेट खेलना 18 साल की उम्र के बाद शुरू किया।

# महावीर फोगाट का विनेश को समर्थन भारतीय कुश्ती की स्थिति पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** महावीर फोगाट ने विनेश फोगाट का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने भारतीय कुश्ती की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि खिलाड़ियों को सही माहौल और सम्मान मिलना चाहिए। उनके बयान से कुश्ती जगत में नई बहस शुरू हो गई है।

विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और अनुभवी कोच महावीर सिंह फोगाट ने भारत में कुश्ती के बुनियादी ढांचे और प्रशासन की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। इसके साथ ही महावीर फोगाट ने नियमों के सही ढंग से पालन, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं और खिलाड़ियों के बीच आपसी झगड़ों को खत्म करने पर जोर दिया है।

**नियमों को सही ढंग से लागू किया जाए'**

महावीर सिंह ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, 'खेल के नियमों और प्रावधानों को सही ढंग से लागू किया जाना चाहिए। साल में सिर्फ एक बार अच्छा प्रदर्शन करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। आज भी खिलाड़ियों के लिए न तो सही प्रशिक्षण है और न ही पर्याप्त सुविधाएं। कई खिलाड़ियों को आज भी खेतों में अभ्यास करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या खिलाड़ियों के बीच आपसी झगड़े और विवाद हैं, चाहे वह विनेश हों, संगीता हों या विजेंदर। हर कोई अपना कोच खुद चुनना चाहता है, लेकिन जरूरी यह है कि अच्छे और काबिल कोच नियुक्त किए जाएं, जो सचमुच खिलाड़ियों को प्रेरित कर सकें।'

# दीपक चाहर की बहन का हार्दिक पर तंज

## मालती ने सूर्यकुमार की कप्तानी की तारीफ की



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की लखनऊ पर जीत के बाद दीपक चाहर की बहन मालती चाहर का सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और टीम प्रदर्शन की तारीफ की। फैंस इसे हार्दिक पांड्या पर तंज मान रहे हैं, क्योंकि उनकी कप्तानी में टीम संघर्ष कर रही थी।

आईपीएल 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। जैसे-जैसे आईपीएल अपने अंजाम की ओर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्लेऑफ की जंग और दिलचस्प होती जा रही है। सोमवार को मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराकर खुद को प्लेऑफ की रेस में बनाए रखा।

लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 18.4 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में हार्दिक पांड्या नहीं खेल रहे थे और उनकी जगह सूर्यकुमार यादव कप्तानी कर रहे थे।

मैच के बाद एमआई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की बहन मालती चाहर ने एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसे फैंस हार्दिक पांड्या पर तंज मान रहे हैं। इस मैच से पहले हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने नौ में से सात मैच गंवाए थे। मालती ने लिखा कि लखनऊ के खिलाफ मैच में पुरानी मुंबई इंडियंस की झलक दिखी। साथ ही उन्होंने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की तारीफ भी की।

मालती ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'फिर असली मुंबई इंडियंस जैसी फीलिंग आई! लगभग सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बहुत बढ़िया खेले रेयान रिकेल्टन और रोहित भैया! सूर्यकुमार की कप्तानी भी शानदार रही। और दीपक ने पूरे चार ओवर डाले, बहुत अच्छी गेंदबाजी भाई! यह सही मायनों में टीम गेम था। यही है मुंबई इंडियंस!'

# 18 साल बाद इस दिग्गज की RCB से विदाई पर भावुक हुए विराट कोहली






**बंगलूरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल तक टीम के साथ जुड़े पूर्व हेड फिजियो इवान स्पीचली को भावुक विदाई दी। विराट कोहली ने उन्हें आरसीबी परिवार का अहम हिस्सा बताया। फ्रेंचाइजी ने उनके योगदान को याद करते हुए खास समारोह आयोजित किया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) ने टीम के पूर्व हेड फिजियो इवान स्पीचली को खास अंदाज में विदाई दी। स्पीचली 2008 से 2025 तक कुल 18 साल टीम के साथ जुड़े रहे और इस दौरान उन्होंने कई पीढ़ियों के खिलाड़ियों के साथ काम किया। आरसीबी ने बंगलूरू में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को सम्मान दिया। इसमें खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ भी शामिल हुए।

### विराट कोहली हुए भावुक

आरसीबी के सबसे बड़े चेहरों में से एक विराट कोहली ने इवान स्पीचली को लेकर बेहद भावुक संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'शायद आरसीबी सेटअप में मैंने सबसे ज्यादा समय आपके साथ बिताया है। आप इस टीम के असली पुराने स्तंभों में से एक हैं। आपकी मेहनत और प्रोफेशनलिज्म के अलावा आपकी दयालुता, देखभाल और ईमानदारी हमेशा याद रहेगी। आप हमेशा इस परिवार का हिस्सा रहे हैं, हैं और रहेंगे। हम आपको हमेशा प्यार से याद करेंगे।' आरसीबी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट बॉबट ने भी इवान के लंबे योगदान की सराहना की। हम उन्हें वापस बुलाकर उनके योगदान को सम्मान देना चाहते थे और उनके साथ समय बिताना चाहते थे।'

### इवान बोले- घर लौटने जैसा लगा

विदाई से भावुक इवान स्पीचली ने भी आरसीबी के साथ अपने रिश्ते को खास बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैं होटल में आया, तो ऐसा लगा जैसे घर लौट आया हूं। हममें से कई लोग लंबे समय से साथ हैं और आरसीबी हमेशा परिवार जैसा लगा है। दुनिया का हर क्रिकेटर यहां एक सीजन बिताना चाहेगा, मुझे 18 साल मिले, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मैं हमेशा आरसीबी का हिस्सा महसूस करूंगा।'

### पर्दे के पीछे के हीरो को सलाम

इवान स्पीचली उन लोगों में शामिल रहे, जो मैदान पर नहीं दिखते, लेकिन टीम की सफलता में बड़ी भूमिका निभाते हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और मेडिकल सपोर्ट में उनका योगदान अहम रहा। आरसीबी की यह विदाई सिर्फ एक स्टाफ सदस्य को अलविदा नहीं, बल्कि फ्रेंचाइजी की संस्कृति और इतिहास को सम्मान देने जैसा पल था।

# थॉमस कप में पदक मिलने के बाद भी सन्नाटा! सात्विक-चिराग हुए नाराज



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन जोड़ीदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का इंस्टाग्राम पोस्ट थॉमस कप 2026 में कांस्य पदक जीतने के बाद वायरल हो गया। दोनों ने इशारों में निराशा जताई कि टीम की उपलब्धि को देश में ज्यादा ध्यान नहीं मिला।

भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का एक सोशल मीडिया पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। थॉमस कप 2026 में भारत को कांस्य पदक दिलाने के बाद दोनों खिलाड़ियों ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की, जिसने फैंस का ध्यान खींच लिया। पोस्ट में भारतीय टीम की दो तस्वीरें थीं। एक टूर्नामेंट के लिए डेनमार्क रवाना होते समय और दूसरी वापसी के बाद की। लेकिन तस्वीरों से ज्यादा चर्चा नीचे लिखे मैसेज की हो रही है।

'किसी को परवाह नहीं...'

सात्विक ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, 'अब घर वापस आ गए हैं। हमेशा की तरह किसी को नहीं पता कि पिछले दो हफ्तों में क्या हुआ, और ऐसा लगता है कि किसी को सच में इसकी परवाह भी नहीं है।' इस पोस्ट को चिराग शेट्टी ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया। हालांकि दोनों खिलाड़ियों ने साफ तौर पर किसी संस्था या व्यक्ति का नाम नहीं लिया, लेकिन फैंस ने इसे टीम को मिले फीके स्वागत और कम पहचान से जोड़कर देखा।

# मोयना का अशोक डिंडा पर भरोसा कायम: दूसरी बार जीते पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज

**कोलकाता।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। डिंडा भाजपा के टिकट पर पश्चिम बंगाल की मोयना सीट से उम्मीदवार थे और उन्होंने बड़े अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराया।

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा लगातार दूसरी बार पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव जीते हैं। भाजपा ने डिंडा को मोयना विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। डिंडा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद 2021 में भाजपा से जुड़े थे।

**तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को दी मात:** डिंडा ने 2021 में मोयना सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस के संग्राम कुमार डोलाई को 1260 वोटों के अंतर से हराया था। हालांकि, इस बार उन्होंने अपने जीत का अंत काफी बड़ा कर लिया।

# फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर बढ़ी तकरार शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने जताई नाराजगी



**पेरिस।** फ्रेंच ओपन को शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है, लेकिन इससे पहले ही टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर विवाद हो रहा है। कई दिग्गज खिलाड़ियों ने इस पर सवाल खड़े किए हैं।

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरिना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर अपनी गहरी निराशा व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं।

### क्या है मामला

खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा, फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### 24 मई से शुरू होगा फ्रेंच ओपन

फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो, जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल विजेताओं को 600,000 यूरो और मिश्रित युगल चैंपियन को 122,000 यूरो मिलेंगे।

खिलाड़ियों ने बयान में कहा, असली आंकड़े बिल्कुल अलग कहानी बयां करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार फ्रेंच ओपन ने 2025 में 395 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त किया, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक था।

इसके बावजूद पुरस्कार राशि में केवल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस तरह से खिलाड़ियों का राजस्व में हिस्सा घटकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# मशहूर यूट्यूबर स्पीड ने विराट कोहली को दी खुली चुनौती



**नई दिल्ली।** मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर स्पीड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने विराट कोहली को मजाकिया अंदाज में चुनौती दी। एंटीगा के क्रिकेट स्टेडियम में शूट हुए इस वीडियो ने फैंस के बीच जबरदस्त चर्चा छेड़ दी है।

अमेरिकी यूट्यूबर डैरेन वॉटकिंस जूनियर, जिन्हें दुनिया 'आई शो स्पीड' के नाम से जानती है, एक बार फिर सुर्खियों में हैं। कैरेबियन दौरे के दौरान स्पीड एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने क्रिकेट खेलकर फैंस का मनोरंजन किया। करीब 5.5 करोड़ फॉलोअर्स वाले स्पीड जहां भी जाते हैं, भारी भीड़ जुट जाती है। इस बार भी स्टेडियम में उनका अंदाज सोशल मीडिया पर छा गया।

### विराट कोहली को दिया मजेदार संदेश

वायरल वीडियो में स्पीड वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के साथ नजर आए। इसके बाद उन्होंने खुद गेंद फेंकने की कोशिश की और स्टंप्स पर निशाना साध दिया। फिर उत्साहित होकर उन्होंने चिल्लाकर कहा, 'मैं शायद सबसे महान हूं। विराट कोहली, मुझे कॉल करो... आईसीसी मुझे कॉल करे, मुंबई की क्रिकेट टीम मुझे कॉल करे।' इसके बाद उन्होंने फिर कहा, 'विराट कोहली, भाई... तुम्हें शायद मुझे कॉल करना पड़ेगा।' स्पीड का यह अंदाज फैंस को खूब पसंद आया और वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

### पहले भी दिखा है कोहली के लिए प्यार

स्पीड क्रिकेट के बड़े फैन माने जाते हैं। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान वह भारत आए थे और भारतीय टीम की जर्सी पहनकर नजर आए थे। वह कई बार विराट कोहली की तारीफ कर चुके हैं। विराट और बाबर आजम की तुलना पर वह बाबर का मजाक भी उड़ा चुके हैं। इस वीडियो में उन्होंने एक दोस्त के खराब शॉट पर मजाक करते हुए कहा, 'यह तो बाबर आजम वाला शॉट है।' फिर अच्छे शॉट के बाद बोले, 'मेरे भाई विराट कोहली को सलाम!'



### सोशल मीडिया पर छाया वीडियो

जब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, तब स्पीड ने निराशा जताई थी। उन्होंने कहा था कि सभी दिग्गज खिलाड़ी रिटायर हो रहे हैं और यह देखकर दुख हो रहा है। स्पीड और विराट कोहली का यह मजेदार कनेक्शन अब इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहा है। फैंस मजाक में कह रहे हैं कि अब विराट कोहली को सच में स्पीड को कॉल करना चाहिए।

06 May -26 page 6 5/5/2026 10:09 PM Page 1






# उत्तर प्रदेश मिक्स नेटबॉल टीम घोषित, फेडरेशन कप के लिए तैयार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 6वें फेडरेशन कप मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए उत्तर प्रदेश मिक्स नेटबॉल टीम की घोषणा कर दी गई है। यह प्रतियोगिता 8 से 10 मई तक हैदराबाद में आयोजित होगी। टूर्नामेंट का आयोजन नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशिप की तैयारियों के मद्देनजर टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल में आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों ने गहन अभ्यास किया।

टीम की कमान अमरदीप को सौंपी गई है, जो इस बार कप्तान की भूमिका निभाएंगे। मिक्स नेटबॉल प्रारूप में 7 खिलाड़ियों की टीम होती है, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल रहते हैं।



**टीम के खिलाड़ी इस प्रकार हैं:** लड़केः दक्ष (गाजियाबाद), दिविश (गाजियाबाद), अक्षय (गाजियाबाद), प्रिंस मावी (मुजफ्फरनगर), अविजीत (मुजफ्फरनगर), आर्यन तिवारी (साहिबाबाद), हर्ष (हापुड़), शिवांग (बागपत)।

**लड़कियांः** सुमन सोनी (गाजीपुर), कुशी (वाराणसी), पूजा (गोरखपुर)।

उत्तर प्रदेश की यह टीम प्रतियोगिता में मजबूत दावेदारी पेश करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत (09 मई 2026) के सफल आयोजन हेतु जागरूकता प्रचार वाहन को मा0 जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 मई 2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य को अधिकाधिक जागरूक करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर, गाजियाबाद में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद सिंह रावत द्वारा जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।





इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय जिला जज ने कहा कि लोक अदालत न्याय प्राप्ति का एक अत्यंत सरल, सुलभ एवं प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर वादों का त्वरित, किफायती एवं स्थायी निस्तारण संभव है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरणों का निस्तारण कर इस व्यवस्था का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें पी.ओ. एम.ए.सी.टी. संजय वीर सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मृदुल कुमार मिश्रा, अपर जिला जज न्यायालय संख्या-01 श्रीमती ललिता गुप्ता, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नीरज गौतम एवं एस.सी./एस.टी. एक्ट न्यायाधीश जितेंद्र मिश्रा प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा लोक अदालत की सफलता हेतु आमजन से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

इसके अतिरिक्त शासन के अधिकारीगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिनमें जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा एडिशनल डी.सी.पी. गाजियाबाद प्रमुख रूप से शामिल रहे। बार एसोसिएशन, गाजियाबाद के सचिव वरुण त्यागी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद श्रीमती नेहा बनोधिया द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। जनजागरूकता को प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न प्रेरणादायक पंचलाइन के माध्यम से लोक अदालत के लाभों का प्रचार-प्रसार किया गया।

# निकाय नहीं करवा रहे फॉगिंग, मच्छरों से लोग परेशान

**बुलंदशहर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिले की सभी निकाय, गांवों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इसके चलते नगरों और ग्रामीण इलाकों में मच्छरों का आतंक लोगों की नींद उड़ा रहा है। मच्छरों की संख्या बढ़ने पर उनका डंक लोगों को परेशान कर रहा है, लेकिन जिले की अधिकांश नगर निकायों के साथ ग्राम पंचायतों की ओर से अब तक एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग का कोई प्रभावी अभियान नहीं चलाया है। जबकि छह निकायों में फागिंग होने का दावा किया जा रहा है।

मौसम बदलने से जिले में मच्छरों का आतंक तेजी से बढ़ा है। शहर की पॉश कॉलोनियों के साथ अन्य कॉलोनियों से लेकर गांवों तक मच्छरों के प्रकोप के कारण शाम के समय लोग घरों में रहने के लिए मजबूर हैं।

# शिक्षामित्र सम्मान समारोह में बढ़ा मानदेय वितरित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन सभागार में शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा व नन्द किशोर गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने किया। वक्ताओं ने शिक्षामित्रों को शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव बताते हुए उनके योगदान की सराहना की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

समारोह में शिक्षामित्रों को सम्मानित करने के साथ बढ़ा हुआ मानदेय वितरित किया गया। जनपद के 451 शिक्षामित्रों को इसका लाभ मिला, जबकि प्रदेश भर में लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों को योजना से जोड़ा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री के ऑनलाइन संबोधन भी प्रसारित किए गए। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, हरियाणवी नृत्य और कजरी ने माहौल को जीवंत बना दिया। इस दौरान मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप देने की घोषणा भी की गई। समारोह का संचालन पूनम शर्मा ने किया।

# जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय कृष्ण अवतार गर्ग को दी गई श्रद्धांजलि









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंबेडकर रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र के परिसर में आज संस्था के संस्थापक सदस्य एवं कोषाध्यक्ष स्वर्गीय श्री कृष्ण अवतार गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों, संस्था के सदस्यों और युवाओं ने उपस्थित होकर उन्हें नमन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने नम आंखों से गर्ग जी को अपनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कृष्ण अवतार गर्ग जी का व्यक्तित्व सादगी और सेवा का प्रतीक था। समाज के प्रति उनकी अमूल्य सेवाएं और संस्था के प्रति उनका समर्पण सदैव अविस्मरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गर्ग जी की कार्यशैली और संस्था के विकास में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की रिक्तता को भरना कठिन है। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेः प्रशासनिक एवं सामाजिक प्रतिनिधिः जगत प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार (वीरो), रविंद्र मित्तल, अनिल शर्मा, संजीव मित्तल, विकास मित्तल, चेतन शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, पार्षद विनिल दत्त और नितिन राणा।

परिवार एवं अन्य सदस्यः अंकुर गर्ग, वेद प्रकाश गर्ग, सुधीर गोयल, मोनू, नरेश अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, अनिल चौधरी, आयुष मित्तल, निशांत गर्ग, दिनेश अग्रवाल, प्रेम शर्मा, दक्ष भारद्वाज, वंश चौधरी, अमन वशिष्ठ और अनुज मित्तल। खेल जगत से कोच आकाश शर्मा, देवेंद्र चौधरी तथा शाहिद क्रिकेट अकादमी के युवा खिलाड़ियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। युवा खिलाड़ियों ने गर्ग जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा की जीत का जश्न

# पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बांटी मिठाई-झालमुड़ी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-1, वार्ड-72 में मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने जीत का जश्न मनाया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत और असम-पुडुचेरी में दोबारा सरकार बनने की खुशी में मिठाई एवं झालमुड़ी बांटी गई।

डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि ₹यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल और अमित शाह जी की रणनीति की जीत है। बंगाल की जनता ने 50 साल की तुष्टिकरण की राजनीति को नकार दिया है। असम और पुडुचेरी में भी जनता ने भाजपा पर दोबारा भरोसा जताया है।

उन्होंने कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि अब तीनों राज्यों में विकास की रफ्तार और तेज होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी का गला रेता

हापुड़। हापुड़ में अवैध संबंधों के शक में पति ने बेरहमी से पत्नी का गला रेत दिया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। यूपी के हापुड़ जिले में थाना देहात इलाके के मोहल्ला महताबगढ़ी में अवैध संबंधों के शक में एक पति ने बेरहमी से अपनी पत्नी का गला रेत दिया। गंभीर हालत में परिजनों व मोहल्लेवासियों ने महिला को गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, मोहल्ला फूलगढ़ी निवासी नीलम(35) की 13 वर्ष पहले जिला मेरठ के कस्बा किठौर निवासी सुनील के साथ शादी हुई थी। नीलम के तीन पुत्र अनिकेत, गगन व शिवा हैं। पति सुनील ज्वैलरी बॉक्स बनाने का कार्य करता है। पिछले कुछ दिनों से सुनील कुछ काम नहीं कर रहा है। नीलम घर में साफ सफाई का कार्य भी करती हैं।

# असामाजिक तत्वों ने की अंबेडकर प्रतिमा खंडित दलित समाज ने किया हंगामा, पुलिस बल तैनात

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद दलित समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही एसीपी भास्कर वर्मा व थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

गांव सीकरीकला में मंगलवार सुबह धर्मशाला परिसर में हुई। सुबह लगभग 11 बजे जब ग्रामीण धर्मशाला पहुंचे, तो उन्होंने प्रतिमा को खंडित पाया। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। दलित समाज के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने और नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। गांव सीकरी कला स्थित यह धर्मशाला नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित की जाती है। एसीपी भास्कर वर्मा ने प्रदर्शनकारियों को सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा तोड़ने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, नई प्रतिमा लगाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

# शिक्षिका पर धर्म परिवर्तन के दबाव से हिन्दूवादी संगठन नाराज स्कूल गेट पर जय श्रीराम लिख किया हनुमान चालीसा का पाठ

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक निजी स्कूल के प्रबंधकों पर स्कूल की ही एक शिक्षिका ने धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप लगाया है। इस मामले के सामने आने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्कूल के गेट पर जय श्री राम लिखकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।



गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी अरुण गोस्वामी ने बताया कि वह सेंट टेरेसा पब्लिक स्कूल में शिक्षिका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था और हाथ पर धार्मिक टैटू बनवाने को भी कह रहा था। इंकार करने पर उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया और अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। शिक्षिका द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से करने के बाद उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इस संबंध में महिला ने थाने में तहरीर दी है, स्कूल प्रबंधन ने इन आरोपों को गलत बताया है। शिक्षिका के धर्मांतरण के प्रयास का मामला सामने आते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए। मंगलवार दोपहर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता स्कूल के बाहर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा होने के बाद जब स्कूल का कोई अधिकारी नहीं आया, तो उन्होंने मुख्य गेट पर जय श्री राम लिख हनुमान चालीसा का पाठ किया। सूचना मिलने पर मय पुलिस फोर्स पंहुचे थाना प्रभारी आनन्द प्रकाश मिश्र ने मामले की जांच कर कार्रवाही किये जाने का आश्वसन दिया तब जाकर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता शांत हुयें। पुलिस सारे मामले की जांच में जुट गई है।




# क्या एक सर्किल के लिए मई पड़ेगा भारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एसीपी स्तर के अधिकारियों की कमी चलने की जानकारी आ रही है। बताया जा रहा है कि इसी वजह से एक एसीपी को अभी रिलीज नहीं किया गया है जबकि उनका प्रमोशन हो गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि मई के महीने में कहा जा रहा है कि एक सर्किल के लिए भारी पड़ सकता है। बताया जा रहा है, उनके एक थानाक्षेत्र के बवाल खत्म नहीं हो रहे हैं। तो दूसरे क्षेत्र की तीन चौकियां बुरी हालत में चल रही हैं। वैसे सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि चोरों और लुटेरों का आतंक है। तो एक स्कूल के बाहर जिस तरीके से माहौल बिगड़ रहा है, उसको लेकर चौकी प्रभारी अपनी असमर्थता जता चुके हैं। वह बता चुके हैं कि वह तो किसी वीआईपी अड्डे पर रहते हैं इसीलिए वह स्कूल की छुट्टी के समय उस स्थान पर कैसे रहेंगे। वैसे बताया जा रहा है कि पिछली मीटिंग में तो साहब ने माइक संभालते हुए वाहन चोरी रोकने के लिए जमकर क्लास ली थी, तो इन सबके बीच जानकारी मिली है कि सोमवार की रात को जो जूम मीटिंग हुई थी, उसमें भी सिटी जोन के एक थाने का मामला काफी हाईलाइट रहा है। पुलिस कमिश्नरेट में नंबर दो की पोजीशन वाले साहब ने जमकर रगड़ा है। तो सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का मामला सिटी जोन के एक सर्किल में पहले हुआ था, यह वाला संदेश यहां पर भी दिया जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से साहब बेहतर पुलिसिंग और कार्रवाई वाला एक्शन ले रहे हैं। तो उन सबके बीच नीचे वालों की वर्किंग में सुधार नहीं हो पा रहा है। सूत्र बता रहे हैं जिस तरीके से सर्किल का हाल चल रहा है, बेहद महत्वपूर्ण मामलों की ना बाइट जारी हो रही है ना सूचना प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही धर्म विशेष के मामलों में बहुत तेजी से बढ़ोत्तरी भी दर्ज हुई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि क्या मई के महीने में एक सर्किल वाले साहब का इलाज होगा और वह कमिश्नरेट में एसीपी आने के बाद कहां जाते हैं। वैसे उनके कार्यालय की लंबी मेज की भी आजकल जमकर चर्चा हो रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट की बेहतर पुलिसिंग के लिए साहब ऐसे लोगों पर कब एक्शन लेते हैं।




# विधायक ने किया मेले का भव्य उद्घाटन, उमड़ी भीड़

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शहर के एमएम डिग्री कॉलेज परिसर में मेले का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, बच्चे और महिलाएं मौजूद रहीं। जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।



मेले के आयोजक अमित चैधरी व शिवकांत शर्मा ने बताया कि इस बार मेले को पहले से अधिक आकर्षक और मनोरंजक बनाया गया है। खासतौर पर जलपरी शो और हेलीकॉप्टर झूला लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, भूत बंगला, बच्चों के झूले और मनोरंजन के कई साधन लगाए गए हैं, जो हर आयु वर्ग के लोगों को लुभा रहे हैं। मेले में खानपान के भी कई स्टॉल लगाए गए हैं, जहां लोग विभिन्न व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने मेले की व्यवस्थाओं की सराहना की। आयोजनकों ने बताया कि यह मेला करीब तीस दिनों तक चलेगा। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिनमें सहारनपुर का फर्नीचर, इम्पोर्टेड क्रॉकरी, साज-सज्जा का सामान आदि उपलब्ध है। इससे मेले में घूमने आने वाले लोग खरीदारी का भी आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों को भरपूर मनोरंजन मिल सके।

# अनशन पर बैठे युवक ने लिखी अंतिम इच्छा, प्रशासन पर गंभीर आरोप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक ने अपनी अंतिम इच्छा लिखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेजा है। पत्र में युवक ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ हुए कथित विवाद और प्रशासनिक अनदेखी के कारण पिछले कई दिनों से अनशन पर बैठा हुआ है।




पत्र के अनुसार, अनशनकारी व्यक्ति का कहना है कि स्थानीय अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ उसने कई बार शिकायत की, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती गई और उसे न्याय नहीं मिला, जिसके चलते उसे यह कदम उठाना पड़ा। युवक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वह 10 अप्रैल 2026 से अनशन पर बैठा है और इस दौरान उसने सुरक्षा और चिकित्सा सुविधा की भी मांग की थी, लेकिन उसे न तो कोई मदद मिली और न ही कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। उसने यह भी बताया कि उसकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है और उसे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो रही हैं। पत्र में युवक ने अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त करते हुए लिखा है कि यदि उसके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए जिम्मेदार संबंधित अधिकारी और कर्मचारी होंगे। उसने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर हलचल मचा दी है।

फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मामला गंभीर होने के चलते उच्च स्तर पर संज्ञान लिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Ravindra Tyagi**
1h

मित्रों,

आज का दिन मेरे जीवन में अत्यंत भावनात्मक और विशेष महत्व रखता है। 5 मई 1956 को मेरे जन्मदाता माता-पिता का विवाह हुआ था।

माँ आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद आज भी पूरे परिवार पर बना हुआ है। पिताजी हमारे साथ हैं, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है। मैं स्वयं को अत्यंत भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे ऐसे माता-पिता का स्नेह और संस्कार प्राप्त हुए।

माँ-पिताजी, आप दोनों को विवाह वर्षगाँठ की हृदय से बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।
माँ, जहाँ कहीं भी हैं, आपके आशीर्वाद का साया हमेशा हम पर बना रहे।
पिताजी, ईश्वर आपको दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि प्रदान करें।

Wish you a very Happy Marriage Anniversary to Maa & Pitaji 🌺🙏



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के लिए 5 मई की तारीख सबसे अहम है। ये वो तारीख है जब उनके जन्मदाता यानी उनकी मां और पिता जी की मैरिज एनिवर्सरी होती है। माता पिता के प्रति अपने मन के भावों को रविन्द्र त्यागी ने खूबसूरत शब्दों के साथ साझा किया। एक पुत्र की अपने माता पिता के प्रति आस्था, श्रद्धा और भाव पूर्ण स्नेह को समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यूएई के फुजैराह तेल क्षेत्र में ईरान का ड्रोन हमला, तीन भारतीय नागरिक घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र (एफओआईजेड) में सोमवार को हुए एक ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। ड्रोन हमलों के बाद चारों ओर आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए आपातकालीन दल लगातार कोशिश कर रहे हैं।

गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक फुजैराह मीडिया कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि तीनों घायलों को हल्की चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि ये ड्रोन हमले ईरान की जमीन से किए गए थे। इन हमलों के बाद फुजैराह के एक इलाके में आग लग गई। नागरिक सुरक्षा दल तत्काल मौके पर तैनात कर दिए गए और वे आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारतीय दूतावास हुआ सक्रिय

इस घटना के मद्देनजर यूएई में भारतीय दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों से संपर्क साधा है। दूतावास ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर



जारी एक बयान में कहा, आज फुजैराह में हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों के लिए पर्याप्त चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

### हमलों पर यूएई रक्षा मंत्रालय ने क्या कहा

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान ने देश के विभिन्न हिस्सों में चार मिसाइलें दागी थीं। इनमें से तीन को देश के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में रोका गया, जबकि एक मिसाइल समुद्र में गिर गई। मंत्रालय ने जनता से आग्रह किया है कि जब चेतावनी संदेश जारी किए जाएं तो सभी सार्वजनिक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करें।

वहीं, अधिकारियों ने जनता से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक माध्यमों से प्राप्त जानकारी पर भरोसा करें और अफवाहों या अप्रमाणित रिपोर्टों को प्रसारित करने से बचें।

# 'कमजोर हो रहा ईरानी नेतृत्व': हमारा मिनी वॉर सफल, परमाणु पर भी कही ये बात : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सेना का 'मिनी वॉर' सफल हो रहा है। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत, नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। अमेरिका किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे भारी तनाव के बीच एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई को लेकर एक बहुत बड़ा बयान दिया है। उनका साफ कहना है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सेना का 'मिनी वॉर' यानी छोटा युद्ध बहुत ही शानदार तरीके से चल रहा है और सेना अपने सभी बड़े लक्ष्य हासिल कर रही है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा और उसके मंसूबों को कुचल देगा।

व्हाइट हाउस में 'नेशनल स्मॉल बिजनेस वीक' के एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस पूरे सैन्य अभियान को

### तबाह हो चुकी है ईरान की सैन्य ताकत?

इस सैन्य अभियान की कामयाबी का जिक्र करते हुए ट्रंप ने बताया कि ईरान की रक्षा और सैन्य व्यवस्था अब पूरी तरह से बेबस हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि ईरान के पास अब न तो कोई नौसेना बची है और न ही उसकी वायुसेना में कोई दम रह गया है। यहां तक कि ईरान के रडार और हवाई हमलों से बचने वाले सुरक्षा साधन भी तबाह हो चुके हैं।

बहुत जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया को एक बहुत बड़े खतरे से बचाने के लिए यह सख्त कार्रवाई करनी ही पड़ी। उनके अनुसार, इस छोटे से युद्ध ने ईरान की कमर तोड़ कर रख दी है और उसकी ताकत अब काफी हद तक खत्म हो चुकी है। ट्रंप ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अमेरिका पूरी तरह से सतर्क है और ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने के सपने को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा।

# ईरान में फिर भड़का तनावः होर्मुज में जंग जैसे हालात
## अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू

**वाशिंगटन।** सीजफायर के दावों के बावजूद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव कम नहीं हुआ है। ईरान और अमेरिका के बीच बयानबाजी और सैन्य गतिविधियां यह संकेत दे रही हैं कि स्थिति अभी भी बेहद नाजुक बनी हुई है।

पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

### सीजफायर अभी भी लागू- अमेरिकी रक्षा मंत्री

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए



चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है।

### समुद्री मार्ग पर बढ़ी हलचल

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, दो वाणिज्यिक जहाज सुरक्षित रूप से इस जलमार्ग से गुजर चुके हैं, जबकि कुछ जहाजों को ईरानी क्षेत्रीय प्रतिबंधों के कारण वापस लौटाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, ईरान ने सीजफायर के बाद भी कई बार अमेरिकी बलों पर हमले किए हैं, हालांकि उन्हें बड़े युद्ध की सीमा से नीचे बताया गया है।

अमेरिकी नौसेना ने दावा किया है कि हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में छह ईरानी छोटे जहाजों को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई समुद्री सुरक्षा के नाम पर की गई थी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया रक्षा आधारित और सीमित दायरे में की जा रही है, जिसका उद्देश्य केवल व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा है।

### ईरान की चेतावनी और अमेरिका का कड़ा रुख

ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और स्थिति आगे और गंभीर हो सकती है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा बयान देते हुए कहा कि अगर अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाया गया तो ईरान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### चीन के हुनान में पटाखा फैक्टरी में बड़ा विस्फोट

**बीजिंग।** मध्य चीन के हुनान प्रांत के लियुयांग में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई और 61 लोग घायल हो गए। सोमवार शाम हुए इस हादसे के बाद 482 जवानों और रेस्क्यू रोबोट्स को बचाव कार्य में लगाया गया है। खतरे को देखते हुए 3 किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया गया है।

मध्य चीन के हुनान प्रांत से एक बेहद दर्दनाक और खौफनाक खबर सामने आई है। यहां की एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक हुए भयानक विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया है। इस दिल दहला देने वाले हादसे में अब तक 21 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 61 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाकों में भारी तबाही मच गई और आसमान में धुएं का गुबार छा गया। इस भीषण त्रासदी के बाद प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है और राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

# ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ की ट्रंप को सीधी चेतावनी
## बोले- हमने तो अभी शुरूआत भी नहीं की

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्धविराम के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की नौसेना लगातार नजर बनाए हुए है। ईरान ने मंगलवार को दावा किया। अमेरिकी विध्वंसक पोतों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने की जब कोशिश की तो ईरानी नौसेना ने उन पर चेतावनी के तौर पर गोलियां दागीं। इस बीच ईरान ने बताया कि अमेरिका ने उसकी नागरिक नौकाओं पर हमला किया, जिसमें उसके पांच नागरिक मारे गए। हालांकि अमेरिका ने दावा किया कि उसने जिन नौकाओं पर हमला किया, वे ईरान के आईआरजीसी की हैं।

### गालिबफ ने ट्रंप पर कसा तंज

अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे ईरान के मुख्य वातार्कार और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने मंगलवार को चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य को



### होर्मुज में अभी तनाव

इससे पहले सोमवार को एबीसी न्यूज को दिए एक अन्य फोन इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहने से परहेज किया कि ईरान के सोमवार के हमलों ने अमेरिका-ईरान संघर्षविराम का उल्लंघन किया। ट्रंप ने हमलों को कमतर बताते हुए कहा, यह कोई भारी गोलीबारी नहीं थी।

लेकर जारी गतिरोध में उनके देश ने अभी शुरूआत भी नहीं की है।

गालिबफ ने एक्स पर पोस्ट किया, हम भली-भांति जानते हैं कि यथास्थिति का जारी रहना अमेरिका के लिए असहनीय है, जबकि हमने अभी शुरूआत भी नहीं की है। अमेरिका और उसके सहयोगियों की कार्रवाइयों ने जहाजरानी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी हानिकारक उपस्थिति कम हो जाएगी। यह पता चला है कि अमेरिकी सेना ने दो छोटी सिविलियन कार्गो बोट पर हमला किया था, जो ओमानी तट के साथ खासाब से ईरान की ओर जा रही थीं।

हमले में बोट पर सवार पांच सिविलियन मारे गए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख ब्रैड कूपर ने सोमवार को पत्रकारों को बताया था कि ईरानी बलों ने कई क्रूज मिसाइलें, ड्रोन और छोटी नावें उन जहाजों पर दागीं जिनकी हम सुरक्षा कर रहे थे। अमेरिकी बलों ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नागरिक जहाजों को निशाना बनाने वाली छह ईरानी छोटी नावों को डुबो दिया और कई मिसाइलों व ड्रोन को रोक दिया।

अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने बाद में अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से कोई भी वाणिज्यिक जहाज या तेल टैंकर नहीं गुजरा है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर संयुक्त हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने अमेरिका और इजरायल से जुड़े समुद्री मार्गों पर ईरान ने प्रतिबंध लगा रखा है।

कूपर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ईरानी नावों पर यूएस अपाचे और एमएच-60 सीहॉक हेलीकॉप्टरों ने हमला किया। इस बीच, अमेरिकी मीडिया आउटलेट सीबीएस न्यूज ने बताया कि दो अमेरिकी नेवी डिस्ट्रॉयर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे हैं और ईरानी बैराज को पार करके खाड़ी में घुस गए हैं।

नाम न बताने की शर्त पर पेंटागन के अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अपाचे हेलीकॉप्टरों और दूसरे विमानों की मदद से यूएसएस ट्रक्सटन और यूएसएस मेसन को रास्ते में कई खतरों का सामना करना पड़ा।

# जमैका दौरे पर जयशंकर का बड़ा कूटनीतिक दांव

**किंग्स्टन।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमैका दौरे में शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और तकनीक समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने की बात कही, प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस से मुलाकात की और भारत की ओर से BHISHM क्यूब्स भेंट किए, जो आपदा राहत में मदद करेंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने नौ दिवसीय कैरेबियाई दौरे के पहले चरण में जमैका की राजधानी किंग्स्टन में उच्चस्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने पर जोर दिया। इस दौरे में जमैका के अलावा सूरीनाम और त्रिनिदाद व टोबैगो भी शामिल हैं।



### भारत-जमैका साझेदारी को नया आयाम

विदेश मंत्री जयशंकर ने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ और कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन, खेल, मनोरंजन, बुनियादी ढांचा और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की समीक्षा की गई।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह इन-डेप्थ रिव्यू भारत-जमैका संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम है।

# पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका-ईरान युद्ध का गहरा असर

**कराची।** अमेरिका-ईरान तनाव से तेल कीमतों में उछाल आया, जिससे पाकिस्तान का आयात बिल तेजी से बढ़ा। महंगाई, मुद्रा गिरावट, घटते विदेशी भंडार और होर्मुज पर निर्भरता ने ऊर्जा संकट को गहरा कर अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव बढ़ा दिया है।

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में ऊर्जा की कीमतों में भारी उछाल ला दिया है। बढ़ती महंगाई, घटते विदेशी मुद्रा भंडार और तेजी से गिरती मुद्रा के कारण पाकिस्तान पहले से ही गंभीर संकट में है। इंडिया नैरेटिव के एक लेख के अनुसार, यह झटका केवल अस्थायी नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए एक संरचनात्मक आघात है। लेख में कहा गया है कि पाकिस्तान उपमहाद्वीप में अमेरिका-ईरान युद्ध का प्राथमिक शिकार है। पाकिस्तान का साप्ताहिक पेट्रोलियम आयात बिल 30 करोड़ डॉलर से बढ़कर 80 करोड़ डॉलर



हो गया है, जो 167 फीसदी की वृद्धि है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 112 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं।

यह ऊर्जा झटका पाकिस्तान की वृहद अर्थव्यवस्था में फैल रहा है, जिससे बढ़ती महंगाई, चालू खाता घाटा, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। कराची बंदरगाह पर भी लॉजिस्टिक्स संकट बढ़ रहा है।

### आयात बोझ और निर्यात पर प्रभाव

अप्रैल 2026 में, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की थी कि पाकिस्तान का साप्ताहिक पेट्रोलियम आयात बिल 30 करोड़ डॉलर से बढ़कर 80 करोड़ डॉलर हो गया है। यह 167 फीसदी की वृद्धि है। इससे सालाना करीब 26 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह आंकड़ा पाकिस्तान के वित्त वर्ष 2024-25 के कुल व्यापारिक निर्यात राजस्व 29.8 अरब डॉलर के लगभग बराबर है। देश एक ही वस्तु श्रेणी में अपने पूरे निर्यात क्षेत्र के बराबर आयात देयता उत्पन्न कर रहा है, वह भी गंभीर भंडार संकट के समय।

### 85 से 90 फीसदी पेट्रोलियम आवश्यकताएं आयात से पूरी

लेख में कहा गया है, "पाकिस्तान का वार्षिक तेल बोझ अब उसकी कुल निर्यात आय के करीब पहुंच गया है। यह केवल मूल्य समायोजन नहीं है - यह संरचनात्मक अनुपात की एक तनावपूर्ण घटना है, जो मौजूदा संकट से दशकों पहले की कमजोरियों को उजागर करती है। पाकिस्तान की 85 से 90 फीसदी पेट्रोलियम आवश्यकताएं आयात से पूरी होती हैं।

# खार्तूम एयरपोर्ट पर ड्रोन हमलाः सूडान ने लगाया आरोप
## कहा- इसमें इथियोपिया का हाथ, राजदूत को भी बुलाया वापस

**काहिरा।** विदेशी हस्तक्षेप और आधुनिक ड्रोन तकनीक ने सूडान के गृहयुद्ध को और अधिक विनाशकारी बना दिया है। इथियोपिया और यूएई पर लगे इन आरोपों ने न केवल सूडान की आंतरिक सुरक्षा बल्कि पूरे अफ्रीकी क्षेत्र की कूटनीतिक स्थिरता को दांव पर लगा दिया है। सूडान ने यूएई और इथियोपिया पर क्या-क्या आरोप लगाए हैं?

सूडान सरकार ने हाल ही में हुए ड्रोन हमलों के लिए सीधे तौर पर इथियोपिया को जिम्मेदार ठहराया है। खार्तूम हवाई अड्डे सहित कई रणनीतिक ठिकानों पर हुए इन हमलों के विरोध में सूडान ने मंगलवार को इथियोपिया से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

सूडानी सेना के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के पास इसके पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने दावा किया कि एक मार्च



के बाद से हुए चार ड्रोन हमले इथियोपिया के बहिर डार एयरपोर्ट से संचालित किए गए थे। सूडान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर इन हमलों के लिए ड्रोन आपूर्ति करने का भी संगीन आरोप लगाया है।

सूडानी सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से युद्ध जारी है। अब यह संघर्ष पूरी तरह ड्रोन युद्ध में तब्दील हो चुका है। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल आसिम अवद अब्देल वहाब ने डाटा साझा किया। उन्होंने बताया कि 17 मार्च को कोरडोफान राज्य के अल-ओबेद की ओर बढ़ रहे एक ड्रोन का विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि यह ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात का था और इसने इथियोपियाई क्षेत्र से उड़ान भरी थी। सूडान के विदेश मंत्री मोही अल-दीन सालेम ने सख्त लहजे में कहा, 'हम किसी भी देश के खिलाफ आक्रामकता की पहल नहीं करना चाहते हैं, लेकिन जो कोई भी हम पर हमला करेगा उसे करारा जवाब दिया जाएगा।'

### अब तक 59000 लोगों की मौत

ताजा हमला सोमवार को राजधानी खार्तूम के हवाई अड्डे पर हुआ। इससे पहले के हमले कोरडोफान, ब्लू नाइल और व्हाइट नाइल राज्यों में किए गए थे। ओम्दुरमान में शनिवार को हुए एक ड्रोन हमले में बस में सवार पांच लोग मारे गए थे। रविवार को अल जजीरा राज्य में हुए एक अन्य हमले में अबू अगला कैकल के परिवार के सदस्य मारे गए। कैकल पहले आरएसएफ के कमांडर थे। स्वतंत्र निगरानी संस्था एसीएलईडी के अनुसार, इस गृह युद्ध में अब तक कम से कम 59,000 लोग मारे जा चुके हैं। सहायता समूहों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।

# अगले संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के लिए महिला उम्मीदवार का चीन ने किया समर्थन, चयन प्रक्रिया शुरू

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में महासचिव पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। इस बीच चीन ने महिला उम्मीदवार का समर्थन किया है। चीन ने कहा कि 80 साल में अबतक कोई महिला ने नेतृत्व नहीं किया है। आइए जानतें हैं कि यह महिला उम्मीदवार कौन हैं?

चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के रूप में एक महिला के चुनाव का समर्थन किया है। इसके साथ कहा कि वैश्विक संस्था के नेतृत्व में एक महिला नेता को देखकर बहुत खुशी होगी। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के 80 वर्षों के इतिहास में कभी भी किसी महिला नेता ने नेतृत्व नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र में अगले प्रमुख के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**दो महिला उम्मीदवार कौन हैं?**

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैचलेट और संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन सहित दो महिलाएं विश्व के शीर्ष राजनयिक के पद के लिए दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों



में से हैं।

**80 साल में एक भी महिला महासचिव नहीं**

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत फू कोंग ने सोमवार को यहां कहा, 'हमें एक महिला महासचिव को देखकर खुशी होगी। 80 साल हो गए हैं, इसलिए अगर हमें एक महिला महासचिव मिल जाए तो चीन को बहुत खुशी होगी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल भी संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।

पिछले महीने चारों उम्मीदवारों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और नागरिक समाज के व्यापक संवादात्मक संवादों के दौरान अगले महासचिव के पद के लिए उनके दृष्टिकोण और संयुक्त राष्ट्र में शीर्ष पद के लिए वे सबसे अच्छे विकल्प क्यों हैं? इस बारे में सवालों का सामना करना पड़ा।

मजबूत महासचिव की जरूरत- चीन

जब उनसे पूछा गया कि क्या संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के पद के लिए चार नामांकित व्यक्तियों में से चीन का कोई पसंदीदा उम्मीदवार है, तो मई महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष भी रहे फू ने पिछले सप्ताह कहा, 'अगर होता, तो मैं आपको नहीं बताता।' उन्होंने कहा कि बीजिंग के पास अगले महासचिव के लिए कुछ मानदंड हैं। यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र एक बहुत ही नाजुक मोड़ पर है और एक मजबूत महासचिव की आवश्यकता है , जो वास्तव में बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्ध हो, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हो और किसी एक महाशक्ति की नीतियों के साथ बहुत अधिक जुड़ा हुआ न हो।

# ट्रंप प्रशासन का 'नार्को-आतंकवाद' पर प्रहारः होर्मुज नहीं, इस सागर में बरपाया कहर

**वॉशिंगटन।** कैरेबियन सागर में अमेरिकी सेना ने संदिग्ध ड्रग्स ले जा रही एक नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में चल रहे इस 'नार्को-आतंकवाद' विरोधी अभियान में अब तक 188 लोग मारे जा चुके हैं।

अमेरिका की सेना ने एक बार फिर से कैरेबियन सागर में एक बड़ी सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया है। अमेरिकी सेना ने एक नाव पर जोरदार हमला किया है, जिस पर ड्रग्स यानी नशीले पदार्थ ले जाने का शक था। इस भीषण हमले में नाव पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। यह घटना दिखाती है कि मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का प्रशासन नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कितना सख्त और आक्रामक रुख अपना रहा है।

इस ताजा हमले के साथ ही लैटिन अमेरिकी जलक्षेत्र में संदिग्ध ड्रग्स तस्करों की नावों को बम से उड़ाने का सिलसिला लगातार जारी है। ट्रंप प्रशासन का यह अभियान बीते सितंबर महीने की शुरूआत से ही चल रहा है।



अब तक इस तरह के हमलों में कुल 188 लोगों की जान जा चुकी है। पूर्वी प्रशांत महासागर के इलाकों में भी ऐसे कई हमले किए गए हैं। ईरान युद्ध के बावजूद, हाल के हफ्तों में इन हमलों में काफी तेजी आई है। अमेरिका इसे 'नार्को-आतंकवाद' का नाम दे रहा है और इसे जड़ से खत्म करने का दावा कर रहा है।

### कैरेबियन सागर में इस बड़े सैन्य अभियान की शुरूआत कैसे हुई?

इन हमलों की शुरूआत तब हुई जब अमेरिका ने पीढ़ियों बाद इस क्षेत्र में अपनी सबसे बड़ी सैन्य उपस्थिति दर्ज कराई। यह सब उस बड़ी छापेमारी से कुछ महीने पहले शुरू हुआ था, जो इसी साल जनवरी में की गई थी। उस छापेमारी में वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद मादुरो को न्यूयॉर्क लाया गया था, जहां उन पर ड्रग्स तस्करी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, मादुरो ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है और खुद को निर्दोष बताया है।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने इन आक्रामक हमलों को किस तरह सही ठहराया

मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका में ड्रग्स कार्टेल (गिरोहों) के साथ सशस्त्र संघर्ष यानी हथियारों की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने इन हमलों को बिल्कुल सही और जरूरी ठहराया है। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका में नशीले पदार्थों की सप्लाई को रोकने और इसके कारण होने वाली अमेरिकी नागरिकों की मौत को कम करने के लिए ऐसा करना बेहद आवश्यक है। हालांकि, नार्को-आतंकवादियों को मारने के उनके दावों का समर्थन करने के लिए प्रशासन ने बहुत कम सबूत दिए हैं। इसी वजह से कई आलोचक इन नावों पर किए गए हमलों की कानूनी वैधता पर भी लगातार गंभीर सवाल उठा रहे हैं।

### क्या अमेरिका ने इन हमलों में ड्रग्स मिलने का कोई सबूत दिया



हालांकि अमेरिकी सेना लगातार इन नावों को निशाना बना रही है, लेकिन सेना ने अब तक ऐसा कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया है जिससे यह साबित हो सके कि जिन नावों को नष्ट किया गया, उनमें सच में ड्रग्स भरे हुए थे। सोमवार को हुए इस ताजा हमले को लेकर अमेरिकी दक्षिणी कमान ने अपने पुराने बयानों को ही दोहराया है। सेना ने कहा कि उन्होंने तस्करी के जाने-माने रास्तों पर इन संदिग्ध तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें एक नाव पानी में चलती हुई दिख रही है और फिर एक बहुत बड़ा धमाका उसे आग की लपटों में निगल लेता है।

06 May -26 page 8 05-05-2026 10:01 PM Page 1






# वार्ड 57 न्यायखंड-2 सेंट्रल पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू, महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को न्यायखंड-2 स्थित सेंट्रल पार्क में सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इसी के साथ वार्ड-57 के अन्य पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी शुभारंभ महापौर के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। पार्कों के विकास से नागरिकों को बेहतर वातावरण मिलेगा।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि वार्ड-57 के निवासियों को हरे-भरे और सुव्यवस्थित पार्क उपलब्ध कराना उनका संकल्प है। सौंदर्यीकरण के तहत पार्कों में नई घास, फूल-पौधे, पाथ-वे, बेंच और बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। लाइटिंग की भी समुचित व्यवस्था होगी। स्थानीय लोगों ने महापौर और पार्षद का आभार जताया। निवासियों ने कहा कि पार्कों के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र का माहौल बेहतर होगा और बच्चों-बुजुर्गों को सुबह-शाम टहलने व मनोरंजन के लिए सुंदर स्थान मिलेगा।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, अजय गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, अंकुर त्यागी, अजीत कुमार, विनय कुमार, किशोर ठाकुर, राजेश चतुर्वेदी, सोनू यादव, सचिन राघव, कमलेश मोंगा, उमेश शर्मा, मदनपाल शर्मा समेत कई कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल जीत पर विधायक अजितपाल त्यागी ने किया भंडारा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के बाद मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी ने अपने कार्यालय पर जीत की खुशी में भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्षद अमित डबास, पार्षद कुलदीप त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद प्रदीप चौधरी, पार्षद अंकुश अरोड़ा, पार्षद परमजीत पम्मी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद राजेन्द्र तितौरिया, राहुल गोयल, विपिन चौधरी, भाजयुमो उपाध्यक्ष मोनू त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## जनपद न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी 9 मई को जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।
राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने और अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर समय से पूर्व पक्षकारों को सूचना दी जाए, ताकि लोक अदालत में उनका निस्तारण सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, दीवानी वाद, मोटर वाहन अधिनियम एवं ई-चालान वाद, मध्यस्थता मामले, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व, सेवा एवं पेंशन से जुड़े मामले, श्रम विवाद सहित अन्य वादों का निपटारा किया जाएगा। इसके साथ ही वाद पूर्व स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत एवं दूरसंचार बिल से जुड़े मामलों का भी समाधान किया जाएगा।
बैठक में सुनील कुमार प्रथम अपर जिला जज, सोमप्रभा मिश्रा (अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी), अभिषेक पांडेय (अपर जिला जज पोक्सो), मयंक त्रिपाठी (अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), शिवानी रावत (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), दीक्षा (अपर सिविल जज), विरेख अग्रवाल, रवि कुमार सागर, सुमित कुमार, श्रेयांश निरंजन, रिचा शुक्ला, अंकिता सिंह, जूही आनंद, प्रभात कुमार, सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर घंटाघर में जश्न

## विधायक संजीव शर्मा ने व्यापारियों संग बांटी मिठाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में घंटाघर, गाजियाबाद पर व्यापारियों के साथ हर्षोल्लास के साथ जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। जनता जनार्दन में उत्साह और जोश देखने लायक था।

इस मौके पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी व्यापारियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने कहा कि यह प्रचंड जीत जनता के अटूट विश्वास और भाजपा की नीतियों की स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस ऐतिहासिक विजय ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर लगातार बढ़ रहा है।

इस अवसर पर व्यापारी नेता राजू छाबड़ा, सुरेश महाजन, संजीव लाहोरिया, हरि मेहता, धर्मपाल, पराग, सुभाष बजरंगी, पवन, राजेंद्र तनेजा, ललित खन्ना, तनुज, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं युवा भाजपा नेता युग छाबड़ा, अभिषेक सक्सेना, शुभम मेहता, कमल कक्कड़, आदित्य खुल्लर, देव लोहिया, अक्षय भोला, कुणाल, अंकित, संजय, अमन, अनु चौधरी, आशुतोष, गौरव सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में शुरू हुई मेरठ जोन पुलिस फुटबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता-2026


एडिशनल सीपी ने किया शुभारंभ







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन्स में मंगलवार से पुलिस मेरठ जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ हो गया। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 5 मई से 7 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें मेरठ जोन के विभिन्न जनपदों और कमिश्नरेट की टीमें मैदान में उतर रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आपसी समन्वय को भी नई ऊर्जा देते हैं।

इस प्रतियोगिता में हापुड़, बुलंदशहर, बागपत, सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर के साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद की महिला एवं पुरुष टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले ही दिन मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह और मुकाबलों का जोश देखने लायक रहा। शुभारम्भ समारोह में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी राजेश पांडे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मेरठ जोन स्तर की इस प्रतियोगिता को पुलिस बल के भीतर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और जवानों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। आने वाले दो दिनों तक रिजर्व पुलिस लाइन्स का मैदान रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनेगा।

## बंगाल की धरती पर नए सूरज का उदय हुआ': सुधीर त्यागी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत है। सुधीर त्यागी ने कहा कि बंगाल की धरती पर नए सूरज का उदय हुआ है। 50 साल के अंधकार को चीरकर जनता ने कमल खिलाया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और गृहमंत्री अमित शाह के परिश्रम की जीत है। उन्होंने कहा कि बंगाल ने तुष्टिकरण और हिंसा को नकार कर राष्ट्रवाद को अपनाया है। स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हुआ है। बंगाल में सुशासन आएगा, युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बंगाल की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## नोएडा में बदमाशों का तांडव, मोबाइल लूट और कार से तीन लैपटॉप चोरी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बदमाशों का आतंक देखने को मिला है। अलग-अलग घटनाओं में जहां एक राहगीर से मोबाइल फोन लूट लिया गया, वहीं एक कार का शीशा तोड़कर तीन लैपटॉप सहित कीमती सामान चोरी कर लिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वह मारीपत रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रहा था, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित के अनुसार मोबाइल में महत्वपूर्ण डाटा और बैंकिंग से संबंधित जानकारी मौजूद है, जिसके दुरुपयोग की आशंका है।
वहीं दूसरी घटना में थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक श्ल्लङ्क ङ्४ं१ ने बताया कि आदित्य पुत्र सुभाष चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्तों के साथ पैरामाउंट सोसाइटी स्थित एक रेस्टोरेंट में गया था। इस दौरान बाहर खड़ी उसकी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने तीन लैपटॉप, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में चला दो गज पीछे अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिटी जोन के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने सीपी जे रविंदर गौड के निर्देशन में अतिक्रमण के खिलाफ दो गज पीछे अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने बाजारों, गलियों और मुख्य मार्गों पर पहुंचकर दुकानदारों व अतिक्रमण करने वालों को सख्त हिदायत दी। एसओ श्वेता सिंह ने स्पष्ट किया कि दुकानदार अपनी दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर रखें और किसी भी हालत में फुटपाथ या सड़क पर सामान न फैलाएं। अभियान के दौरान लोगों को समझाया गया कि अतिक्रमण से यातायात प्रभावित होता है और आमजन को परेशानी झेलनी पड़ती है। मौके पर पुलिस ने चेतावनी दी कि आगे यदि अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कवि नगर पुलिस का खुलासा, 6 चोरी की बाइक के साथ दो शातिर चोर दबोचे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो शातिर आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद कर एक बड़े गिरोह की साजिश का पदार्फाश किया है।

एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की सघन चेकिंग के दौरान कंपनी सर्विस रोड पर दो युवक बाइक से आते दिखे। पुलिस के रुकने के इशारे पर दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन कवि नगर पुलिस की मुस्तैदी के आगे उनकी एक न चली और दोनों को मौके पर ही दबोच लिया गया। पुलिस ने अंकुल कश्यप (19 वर्ष), थाना बलैनी, बागपत और अशांत उर्फ टीटी (20 वर्ष), निवासी रामवाटिका, बंथला, थाना लोनी को दबोचा है।

### कई राज्यों में करते थे वारदात

**करंट क्राइम :** दोनों आरोपी दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सस्ते दामों में बेचते थे। चोरी की बाइक को आरटीओ ऑफिस के पास एक खाली प्लॉट में छिपाकर रखा जाता था, जहां से मौका मिलते ही सौदा कर दिया जाता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है और आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। कवि नगर पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा ट्रक की टक्कर से महिला समेत तीन की मौत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक मासूम बच्ची भी गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के भीलवाड़ा जिले का रहने वाला एक परिवार वैगनआर कार में सवार होकर वाराणसी (बनारस) की यात्रा पर निकला था। सोमवार को जैसे ही उनकी कार गंगा एक्सप्रेसवे पकड़ने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल के दादरी कट से गाजियाबाद की ओर शाहपुर अंडरपास के पास पहुँची, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग और बेरिकेडिंग से जा टकराई। हादसे में तीन की मौत, बच्ची खतरे से बाहर नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर पुलिस सख्त, तस्कर समेत 197 गिरफ्तार ये भी पढ़ें नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर पुलिस सख्त, तस्कर समेत 197 गिरफ्तार थाना दादरी प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में विवेक (30), राम (32) और ममता (29) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार एक बच्ची को लहूलुहान हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई है। एसीपी दादरी प्रशाली गंगवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आई है। फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार चालक को गिरफ्तार किया जा सके। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारू कराया गया।

# पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने महिलाओं संग मनाया जीत का जश्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता और पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की संभावनाओं से उत्साहित होकर वार्ड 80 में विजय उत्सव मनाया गया। पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने एकत्रित होकर अपनी खुशी साझा की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ जीत का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने ममता बनर्जी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार का मुख्य कारण महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा, 'ममता दीदी ने जिस तरह महिला आरक्षण बिल का विरोध किया, उससे देशभर की महिलाओं में भारी आक्रोश था। महिलाओं ने अपने वोट की चोट से इस विरोध का बदला लिया है, जिसका खामियाजा उन्हें पराजय के रूप में भुगतना पड़ा है।'

हेमलता शर्मा ने बंगाल की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की त्रिमूर्ति को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सखी शाहू, नीरू तोमर, पिंकी सिंह, ईशा भारद्वाज, नैंसी हजेला, शिवानी गुप्ता, सुधा जसवाल, शैली अग्रवाल, इंदु कुमारी और पूजा कसना मौजूद रहीं। इनके साथ ही रश्मि झा, रेनू सिंह, अर्चना गोयल, रचना शर्मा, गुंजन वशिष्ठ, प्रिया गुप्ता, अंजू मेहरा, नीलिमा गौतम, नीलू सिंह, मीनू, उमा कुमारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बृज विहार में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न विक्रम चौधरी के कार्यालय पर बंटी मिठाई





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को साहिबाबाद के बृज विहार में भारी उत्साह दिखाया। बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी के कार्यालय पर आयोजित विजय उत्सव में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा।

उत्सव को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि बंगाल की जीत केवल एक पार्टी की जीत नहीं है, बल्कि यह विकासवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जागरूक जनता ने अब तुष्टिकरण और हिंसा की राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के विकास और सुशासन के मॉडल को चुना है। यह परिणाम आने वाले समय में प्रदेश और देश की राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पदाधिकारी महिला मोर्चा रीता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष यूसी सक्सेना और मंडल मंत्री योगेश त्यागी उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला मोर्चा की टीम ने भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें गीता सिंह, मीनू सिंह, संतोष कोहली, मंजू मलिक, श्वेता सिंह, सुशीला और कुमुद शामिल रहीं। सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य जारी रखेंगे।

# बंगाल में सनातन की जीत, हिंदुओं की एकजुटता ने रचा इतिहास : डॉ. पी कुमार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. पी कुमार ने इसे भारतीय राजनीति के लिए एक युगांतरकारी घटना बताया है। उन्होंने कहा कि बंगाल के चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से 'सनातन धर्म' और राष्ट्रवाद की जीत है।

डॉ. पी कुमार ने जोर देकर कहा कि लंबे समय बाद बंगाल की धरती पर हिंदुओं ने जिस अभूतपूर्व एकता का परिचय देकर मतदान किया है, उसी का परिणाम है कि आज भाजपा वहां एक ऐतिहासिक शक्ति बनकर उभरी है। उन्होंने कहा, बंगाल की जनता ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टिकरण की राजनीति अब और नहीं चलेगी। हिंदुओं की इस एकजुटता ने न केवल विरोधियों के मंसूबों को ध्वस्त किया है, बल्कि एक मजबूत और सुरक्षित भारत की नींव भी रखी है। उन्होंने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट संकल्प और सनातन संस्कृति के प्रति जनता के अगाध विश्वास की विजय बताया।

# दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 12 वाहन और अवैध चाकू बरामद किए हैं। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अनीकेत उर्फ अंकित पुत्र वीरेंद्र सिंह और रतन सिंह उर्फ रवि पुत्र आनंद सिंह को टी-ब्लॉक, सेक्टर-11 नोएडा से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने 10 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी और 2 अवैध चाकू बरामद किए हैं।
पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले भीड़-भाड़ वाले इलाकों और घरों के बाहर खड़े वाहनों की रेकी करते थे और मौका पाकर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहन सेक्टर-54 क्षेत्र के जंगल और झाड़ियों में छिपाकर रखते थे तथा बाद में जरूरतमंद लोगों को कम कीमत पर बेच देते थे।
पुलिस के अनुसार चोरी से प्राप्त रकम को दोनों आपस में बांट लेते थे और अपने निजी खर्चों में इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों अपने पास अवैध चाकू भी रखते थे। एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्त अनीकेत के खिलाफ 15 और रतन के खिलाफ 7 मुकदमे गाजियाबाद व गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच कर रही है।

## हिस्ट्रीशीटर राकेश हलपुरिया की संदिग्ध मौत जिम में वर्कआउट के दौरान बिगड़ी हालत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** हिस्ट्रीशीटर राकेश हलपुरिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिम में भारी वजन उठाने के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आशंका जताई जा रही है कि उसे ब्रेन हेमरेज हुआ, जिसके चलते मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक राकेश मूल रूप से बुलंदशहर जिले का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि राकेश हलपुरिया पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। वह गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में आरोपी रहा है। साथ ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद चौधरी हत्याकांड में उसे उम्रकैद की सजा भी हो चुकी थी और फिलहाल वह जमानत पर बाहर था।